बुधवार, 9 अप्रैल 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 26 |
| आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 5:22 | सूर्यास्त: 17:54 |



जम्मू-कश्मीर के तीन और समूह हुर्रियत से अलग हुए : अमित शाह –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** सफलता में दोषों को मिटाने की विलक्षण शक्ति है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ भड़की हिंसा

## उपद्रवियों ने पुलिस की कई गाड़ियां फूंकी



### उपद्रवियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को चार घंटे तक अवरुद्ध रखा, उतारी गई रैफ

**मुर्शिदाबाद :** केंद्र के नए वक्फ संशोधन विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर राज्य के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार को मुस्लिम संगठनों का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। जंगीपुर इलाके में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच दोपहर में हिंसक झड़प हो गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस पर हमले के साथ कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इसमें पुलिस की कई गाड़ियां शामिल है। भीड़ ने पुलिस की गाडियों में जमकर तोडफोड़ मचाई और पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने चार घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को अवरुद्ध रखा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल के साथ रैफ को उतारना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। घटना से क्षेत्र से व्यापक तनाव है। मिली जानकारी के अनुसार, मुस्लिम समुदाय द्वारा जंगीपुर पीडब्ल्यूडी मैदान से वक्फ बिल वापस लेने की मांग को लेकर विरोध मार्च निकाला गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को जाम करने के इरादे से जैसे ही ये मार्च जंगीपुर से उमरपुर की ओर बढ़ा, पुलिस ने उन्हें रोका। इसी के बाद पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। भीड़ ने पुलिस की कई गाड़ियों में आग लगा दी। साथ ही, बनियापुर और उमरपुर इलाकों में कई घरों में भी तोडफोड़ की खबर है। इसके बाद, जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक बड़ी पुलिस टीम स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहुंची।

### राज्यपाल ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की निंदा की, ममता सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार को हुई हिंसा की घटना की कड़ी निंदा की है। राज्यपाल ने कहा कि भारत की संसद और भारत के लोगों ने विधेयक पारित किया है। निहित स्वार्थों द्वारा उपद्रव भड़काने की स्थिति को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। राजभवन द्वारा देर शाम जारी एक बयान में बताया गया कि राज्यपाल ने राज्य सरकार को हिंसा को रोकने के लिए तुरंत साहसिक कदम उठाने और घटना के संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राजभवन ने कहा कि हाल में रामनवमी उत्सव का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना बंगाल के लोगों के बीच सौहार्द और प्रशासन, राजनीतिक दलों, बहुमत, मीडिया और सभी हितधारकों की क्षमता को दर्शाता है। इस तरह की हिंसा के किसी भी प्रयास को सख्ती से रोका जाना चाहिए।

### वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय में 15 अप्रैल को सुनवाई संभव

**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय में 15 अप्रैल को सुनवाई होने की संभावना है। हालांकि, केंद्र ने मंगलवार को शीर्ष अदालत में एक 'कैविएट' दायर की और इन याचिकाओं पर कोई आदेश पारित किए जाने से पहले सुनवाई किये जाने का अनुरोध किया। 'कैविएट' किसी पक्षकार द्वारा उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि इसे सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। इस बीच, एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025, जिसे पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित किया गया था, मंगलवार से लागू हो गया।

## चीन पर 104 फीसदी टैरिफ लगाएगा अमेरिका, ड्रैगन की धमकी का डोनाल्ड ट्रंप ने दिया जवाब



**वॉशिंगटन :** जवाबी टैरिफ को लेकर चीन की ओर से दी गई धमकी का डोनाल्ड ट्रंप ने जवाब दिया है। अमेरिका ने चीन पर 104 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि नई टैरिफ दरें आज रात 12.01 बजे (अमेरिकी समयानुसार) से लागू होंगी। दरअसल टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। अमेरिका ने चीन पर 34 फीसदी टैरिफ लगाया था। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका पर 34 फीसदी टैरिफ लगा दिया था। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को धमकी दी थी कि अगर चीन कल, 8 अप्रैल, 2025 तक अपने पहले से ही दीर्घकालिक व्यापार दुरुपयोगों से ऊपर 34% की वृद्धि को वापस नहीं लेता है, तो अमेरिका चीन पर 50% का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा, जो 9 अप्रैल से प्रभावी होगा। इसके अतिरिक्त चीन के साथ सभी वार्ताएं भी रद्द कर दी जाएंगी।

## आज मुख्यमंत्री ममता नवकार महामंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगी उपस्थित



**कोलकाता, समाज्ञा :** आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और वैश्विक शांति का अद्वितीय संगम आज कोलकाता में उस समय होगा, जब नवकार महामंत्र का वैश्विक सामूहिक जाप कार्यक्रम जीतो कोलकाता चैप्टर एवं सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित किया आएगा। नवकार दिवस को उपलक्ष्य में इस भव्य आयोजन का मुख्य ध्येय है एक विश्व, एक मंत्र-साथ मिलकर शांति के लिए, जो कि समस्त मानवता के एकसूत्र में बंधने और शांति का सामूहिक आह्वान करने की एक पुनीत पहल है। यह आयोजन आज प्रातः 7:30 बजे से नेताजी इंडोर स्टेडियम में प्रारंभ होगा। हजारों श्रद्धालु, साधक और गणमान्य अतिथि इसमें भाग लेने के लिए कोलकाता पहुंच चुके हैं, और वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो चुका है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। वह सुबह 11.30 बजे पहुंचेगी। उनके संबोधन से न केवल आयोजन की महत्ता बढ़ेगी, बल्कि राज्य सरकार की ओर से भी शांति एवं सांस्कृतिक समरसता के लिए सहयोग का संदेश जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने अतिरिक्त पदों के सृजन संबंधी बंगाल कैबिनेट के फैसले की सीबीआई जांच का आदेश किया खारिज



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के उस हिस्से को मंगलवार को खारिज कर दिया जिसमें राज्य द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त विद्यालयों में अतिरिक्त पदों के सृजन के पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल के फैसले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराए जाने का आदेश दिया गया था। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की जांच जारी रहेगी। पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया था कि वह 'अतिरिक्त पदों के सृजन के निर्णय पर सीबीआई जांच की दिशा के संबंध में' पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर स्वतंत्र रूप से विचार करेगी। पीठ ने राज्य सरकार की याचिका के इस विशेष पहलू पर मंगलवार को विचार करते हुए कहा कि उपर्युक्त चर्चा को ध्यान में रखते हुए हमारा मानना है कि मंत्रिमंडल के निर्णय पर अतिरिक्त पदों के सृजन के मुद्दे को सीबीआई को सौंपने का उच्च न्यायालय का निर्णय उचित नहीं था। पीठ ने मंत्रिमंडल के निर्णयों पर संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन पर कानून की अदालत में सवाल नहीं उठाया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम स्पष्ट करते हैं कि इस आदेश में हमारी टिप्पणियां अतिरिक्त पदों के सृजन की जांच करने के निर्देश तक सीमित हैं और वे अन्य पहलुओं को लेकर सीबीआई की जांच एवं उसके द्वारा दायर आरोप-पत्रों को किसी भी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करतीं।

## भारतीय देश नहीं, दिलों को जीतना चाहते हैं : मुर्मू

**लिस्बन :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां मंगलवार को भारतीय शोधार्थियों से एक संवाद सत्र के दौरान कहा कि भारतीय देश नहीं, बल्कि दिलों को जीतना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने 'सम्पालिमो सेंटर फॉर अननोन' में भारतीय शोधार्थियों से कहा कि वे भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि बनें, क्योंकि अपने देश के नाम से उनकी पहचान होती है। मुर्मू ने एक शोधार्थी के सवाल के जवाब में कहा, ''आप शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। आप अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। आप एक अच्छे विद्वान बनेंगे, आप अर्थव्यवस्था और समाज में योगदान देंगे तथा यहां के नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। आगे बढ़ें और भारत को गौरवान्वित करें।'' शोधार्थियों द्वारा पूछे गए हर सवाल का जवाब देने के लिए राष्ट्रपति अपने स्थान पर खड़ी हुईं। उन्होंने कहा, ''मैं एक ऐसे देश में गई थी, जहां एक वरिष्ठ नेता ने मुझसे पूछा कि क्या भारतीय दुनिया को जीतना चाहते हैं। मैंने कहा कि भारतीय देश को नहीं जीतना चाहते, वे दिलों को जीतना चाहते हैं।'' भारत में महिलाओं की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर, मुर्मू ने कहा कि सीताराम, लक्ष्मी नारायण कहना तथा लोगों को देवियों और सज्जनों कहकर संबोधित करना भारतीय संस्कृति में है। मुर्मू ने कहा कि उन्हें महिला पदक विजेताओं, वरिष्ठ महिला अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं को देखकर गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल, भारत का एक अच्छा मित्र है तथा इस देश के लोग मिलनसार और उदार हैं एवं यह देश प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है।

**जयपुर सिलसिलेवार धमाका**

## बम बरामदगी मामले में चार लोगों को आजीवन कारावास



**जयपुर :** जयपुर की एक विशेष अदालत ने शहर में 2008 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से संबंधित एक मामले में चार लोगों को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन आरोपियों को शुक्रवार को दोषी ठहराया था और सजा मंगलवार को सुनाई। यह मामला जयपुर सिलसिलेवार धमाकों के दौरान एक बम की बरामदगी से संबंधित है। विशेष अदालत ने चार अप्रैल को इस मामले में चार आरोपियों – सरवर आजमी, शाहबाज, सैफुर्रहमान और मोहम्मद सैफ – को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी करार दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय के न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने कहा कि अभियुक्तों ने शहर में बम लगाए थे। इस स्थिति में उनके प्रति किसी तरह की नरमी बरतना सही नहीं है। विशेष लोक अभियोजक सागर तिवाड़ी ने संवाददाताओं को बताया, मोटे तौर पर इस मामले में सभी दोषियों को अदालत ने आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।' उन्होंने कहा, 'अदालत ने कहा कि यह मामला किसी व्यक्ति विशेष को ही प्रभावित नहीं करता। यह राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता पर हमला है जिसका असर पूरे देश व समाज पर पड़ता है। अदालत ने कहा कि वह ऐसे अपराधियों को कड़ी सजा देना सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीड़ितों को न्याय मिलना जरूरी है ज्यादा से ज्यादा सजा पीड़ितों व उनके परिवारों की पीड़ा का सम्मान करती है।

## ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख प्रशासक दादी रतनमोहिनी का निधन



**जयपुर :** राजस्थान के सिरोही जिले के आबूरोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य प्रशासक राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का निधन हो गया है। वह 101 वर्ष की थीं। संस्थान के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया, ''ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं। उन्होंने अहमदाबाद के एक अस्पताल में सोमवार देर रात अंतिम सांस ली।'' प्रवक्ता ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार 10 अप्रैल को सुबह किया जाएगा। चार वर्ष पूर्व दादी हृदय मोहिनी के देहावसान के बाद दादी रतनमोहिनी इस संस्था मुख्य प्रशासिका बनीं थीं।

### रुपया 50 पैसे टूटकर 86.26 प्रति डॉलर पर, तीन माह में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई :** लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे के नुकसान के साथ 86.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक मंदी की आशंका के बीच करीब तीन महीने में यह रुपये में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में कुछ सुधार और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई।

# दुबई के शहजादे की भारत यात्रा से मजबूत द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा : प्रधानमंत्री मोदी




### दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने पर सहमत

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत की ''विशेष'' यात्रा ने मजबूत द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रभावशाली नेता से मुलाकात के बाद यह बात कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दुबई के शहजादे के साथ अलग से बैठक की और बाद में कहा कि भारत सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं सहित रक्षा क्षेत्र में खाड़ी देश के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक है। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अल मकतूम आज सुबह दो-दिवसीय भारत यात्रा पर यहां पहुंचे। मोदी ने कहा, ''दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'' उन्होंने कहा, ''यह विशेष यात्रा हमारी गहरी मित्रता की पुष्टि करती है तथा भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है।'' वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने अल मकतूम के साथ अपनी बैठक को ''सार्थक'' बताया। उन्होंने कहा, ''नयी दिल्ली में दुबई के शहजादे, यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ एक सार्थक बैठक हुई। यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी भारत के लिए प्राथमिकता है।'' सिंह ने कहा, ''आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।''

### नया वक्फ कानून सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम सामाजिक न्याय की दिशा में उनकी सरकार का एक और ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि वक्फ पर पूर्ववर्ती कानून 2013 में भू-माफियाओं और मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए बनाया गया था। न्यूज18 के 'राइजिंग भारत शिखर समिट' को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि संसद में इस मुद्दे पर हुई चर्चा में तुष्टीकरण की राजनीति देखने को मिली। उन्होंने कहा कि 1947 में देश के विभाजन के पीछे भी इसी तरह का रवैया था, जब कांग्रेस के कुछ नेताओं ने 'कट्टरपंथी' विचार को बढ़ावा दिया, हालांकि आम मुसलमान इस विचार से सहमत नहीं थे। प्रधानमंत्री ने शाहबानो मामले का संदर्भ देते हुए कहा कि आम मुसलमानों और उनमें से गरीब व पिछड़े लोगों को केवल उपेक्षा, अशिक्षा और बेरोजगारी मिली, जबकि कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों की बलि दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2013 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार द्वारा लागू किये गये वक्फ अधिनियम से यह भ्रम पैदा हुआ कि यह कानून संविधान से ऊपर है। उन्होंने केरल में चर्च की संपत्तियों, हरियाणा में गुरुद्वारे की संपत्तियों और कर्नाटक में किसानों की जमीन के अलावा सरकारी संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड के कथित दावों का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि संशोधित अधिनियम समाज और मुस्लिम समुदाय के हित में है। प्रधानमंत्री ने संसद को इस शानदार कानून को पारित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि संसदीय इतिहास में दूसरी सबसे लंबी चर्चा हुई।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION — Toll Free No. 1800 889 1704

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

**Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars**

**Exchange old Gemstones & Diamond for Gold!**

## लाखों टन अनाज बर्बादी की जवाबदेही तय हो

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ हमले और चीन की जवाबी कार्रवाई से विश्व के तमाम शेयर बाजार लहूलुहान हुए हैं। कई अन्य देशों की भी जवाबी कार्रवाई के फैसले से दीर्घकालीन व्यापार युद्ध की आशंका बलवती हो गई है। जिससे पूरी दुनिया में मंदी आने की चेतावनी दी जा रही है। निश्चित तौर पर इससे आर्थिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस संशय और अनिश्चितता के चलते शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली से दुनिया के तमाम शेयर बाजार धराशायी हुए हैं। निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है। आने वाले समय में टैरिफ वॉर के और बढ़ने की आशंका है क्योंकि चीन ने नौ अप्रैल को होने वाली विश्व व्यापार संगठन की बैठक में 'नई व्यापार चिंता' के रूप में अमेरिका की टैरिफ नीति का मुखर विरोध करने का फैसला किया है। चीन का मानना है कि अमेरिका के एकतरफा संरक्षणवाद का दुनिया के देशों को विरोध करना चाहिए, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली की सुरक्षा के लिये एक व्यापक गठबंधन बनाने की जरूरत बतायी है। इन हालात में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय दबाव के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ थोपने के फैसले को वापस लेंगे? या फिर पहले की तरह टैरिफ लगाने की धौंस देते रहेंगे। वैसे इस बात की संभावना कम ही है कि जिद्दी ट्रंप अपने बढ़े कदमों को पीछे खींचेंगे। यहां सवाल यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ का जवाब देने वाले देश पलटवार करने में कितने सक्षम हैं। वहीं भारत ने दीर्घकालीन व व्यापक हितों को देखते हुए टकराव टालने का प्रयास किया है और बातचीत का रास्ता चुना है। लेकिन इस अनिश्चितता के दौर में निवेशकों में बढ़ती असुरक्षा ने भारत सरकार पर नीतिगत फैसले लेने के लिये दबाव बनाया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी संभावना है कि चीन व प्रतिकार करने वाले अन्य देशों के दबाव के कारण ट्रंप अपनी आक्रामक रणनीति को लंबे समय तक जारी नहीं रख पाएंगे।

विडंबना यह है कि अमेरिका राष्ट्रपति के इन कदमों से खुद अमेरिका के लिये भी बड़ी आर्थिक चुनौती पैदा हो सकती है। येल विश्वविद्यालय में बजट लैब के एक विश्लेषण के अनुसार ट्रंप सरकार के प्रतिशोधात्मक टैरिफ से औसत अमेरिकी परिवार को सालाना चार हजार दो सौ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं अमेरिका में मंदी और तेज मुद्रास्फीति का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं भारत जैसे अन्य विकासशील व विकसित देशों को आशा है कि वैश्विक व घरेलू दबाव ट्रंप को उनकी भूल का अहसास कराएगा। जिससे वे अधिक आर्थिक अराजकता पैदा करने वाले फैसलों से पीछे हटेंगे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि अमेरिका अपने कई उत्पादों के लिये अन्य देशों पर निर्भर है। उसके उद्यमियों ने भी दूसरे देशों में औद्योगिक यूनिट लगा रखे हैं। ऐसे में उन देशों पर टैरिफ लगाने से अमेरिकी जनता द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं के दाम भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेंगे। यही वजह है कि अमेरिका के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। जिसका असर पूरी दुनिया पर भी दिख रहा है और स्थितियां कोरोना काल के संकट जैसी बन गई हैं। वैसे आज भी दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल से पूर्व की आर्थिक स्थिति पर लौटने के लिये संघर्षरत हैं। कमोबेश ये स्थितियां बड़े आर्थिक संकट की आहट दे रही हैं। जिसकी वजह है कि अमेरिका समेत अन्य देशों में निवेश बाधित होने, उत्पादन में गिरावट, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान से वैश्विक स्तर पर महंगाई उत्पन्न होने की चिंताएं बढ़ रही हैं। जिसका तमाम क्षेत्रों पर असर पड़ने से आम लोगों का जीवनयापन कठिन होता जाएगा। खपत कम होने से अर्थव्यवस्था का चक्र धीमा हो जाएगा। यही वजह है कि ट्रंप के मनमाने टैरिफ युद्ध से दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं खुद को बचाने की जद्द-ोजहद में जुटी हैं। हालांकि, खुद अमेरिका भी इसके दुष्परिणामों से अछूता नहीं रहेगा। निवेशकों की घबराहट से उसकी अर्थव्यवस्था भी चरमराएगी। आने वाले वक्त में उसके दांव ही उलटे पड़ने वाले हैं। घोर संरक्षणवाद के चलते वह कालांतर में शेष दुनिया से कट जाएगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 अप्रैल, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष द्वादशी, 22:58 तक, नक्षत्र : मघा, 09:54 तक, योग : गांदा, 18:24 तक, सूर्योदय: 5:27, सूर्यास्त: 17:53, चन्द्रोदय : 14:58, चन्द्रास्त: 03:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 11:38 से 13:11

## राशिफल

**मेष :** आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें।

**वृष :** आज समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन :** आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों को लाभ होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में आनन्द का अनुभव करेंगे।

**कर्क :** आज स्वार्थी लोगों से आपको परेशानी होगी। झूठ बोलने से बचें। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। सन्तान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं।

**सिंह :** आज धन उधार देना पड़ सकता है। अपने काम का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है।

**कन्या :** आज किसी बात पर क्रोध करने के बजाय उन्हें शान्ति से निपटायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवायें।

**तुला :** आज निवेश कर सकते हैं। इन्जीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रोजगार के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन बहुत अच्छा है। फँसा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की सम्भावना है।

**धनु :** आज ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। आज आप अनुसन्धान के मूड में हो सकते हैं।

**मकर :** आज कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपायें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है।

**कुम्भ :** आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी।

**मीन :** आज आपको विशेष महत्व मिलेगा। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे।

# मुद्रा ऋण असंख्य लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने में बना रहा सक्षम : मोदी



(फोटो के साथ) नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत किए गए और इससे असंख्य लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की 10वीं वर्षगांठ पर अपने आवास पर इसके चुनिंदा लाभार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इससे देश के युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिली है। ''उन्हें नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाला बनने का आत्मविश्वास मिला है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को सदस्य ऋण संस्थानों के माध्यम से गारंटी-मुक्त संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने के लिए पीएमएमवाई की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, '' यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं और 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।'' मोदी ने कहा, '' प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, स्वाभिमान और अवसर लेकर आता है। वित्त समावेश के अलावा इस योजना ने सामाजिक समावेश व आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है।'' उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आई हैं। महिलाओं ने सबसे अधिक आवेदन किए, सबसे अधिक ऋण हासिल किए और सबसे तेजी से इन ऋणों का भुगतान भी किया। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को यह भी आश्वासन दिया कि सरकार इस योजना की समीक्षा करेगी और इसे और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार एक मजबूत परिवेश सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक महत्वाकांक्षी उद्यमी की ऋण तक पहुंच होगी जिससे उसे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। पीएमएमवाई के अंतर्गत सदस्य ऋण देने वाली संस्थाओं (एमएलआई) जैसे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), लघु वित्त बैंक (एसएफबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और लघु वित्त संस्थान (एमएफआई) आदि द्वारा 20 लाख रुपये तक के गारंटी-मुक्त ऋण दिए जाते हैं। ये ऋण विनिर्माण, व्यापार व सेवा क्षेत्रों में आय-उत्पादक गतिविधियों और कृषि से जुड़ी गतिविधियों के लिए दिए जाते हैं। यह योजना छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई थी और बैंकों को तीन श्रेणियों... शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,000 रुपये से पांच लाख रुपये के बीच) और तरुण (20 लाख रुपये) के तहत 20 लाख रुपये तक के गारंटी-मुक्त ऋण प्रदान करने को कहा गया।

## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ा



■ **बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपये बढ़ी**

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। एशिया और यूरोप के बाजारों में मजबूती के बीच निचले स्तर पर चौतरफा लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। एक दिन पहले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,089.18 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,721.49 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,535.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.6 अंक तक चढ़ गया था। अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सेंसेक्स सोमवार को 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत लुढ़क गया था जबकि निफ्टी में 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत की गिरावट आई थी। यह पिछले 10 महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट थी।

## अमेरिकी शुल्क के बीच भारत की घरेलू मांग प्रमुख आकर्षण का केंद्र: सीतारमण



**लंदन :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क के बीच भारत की घरेलू मांग प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और घरेलू मांग की मजबूती भारत को वृद्धि का इंजन बनाये रखेगी। सीतारमण ने लंदन में भारतीय उच्चायोग में '2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के भारत के प्रयास के लिए अवसर और चुनौतियां' विषय पर एक संवाद में कहा कि अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों से निपट रही है और घरेलू दक्षता तथा प्रतिस्पर्धी क्षमता का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा, 'दुनिया ने पिछले कई वर्षों से वृद्धि में नरमी देखी है। पहले, लंबे समय तक कम ब्याज की स्थिति थी और अब यह लंबे समय तक कम वृद्धि की स्थिति होने जा रही है और यह किसी के लिए भी खुशखबरी नहीं है।' सीतारमण ने कहा, 'भारत ने पिछले पांच साल से लगातार अपनी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखा है और हमें लगता है कि यह गति थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन फिर भी भारत ही उस वृद्धि को बनाए रखेगा... क्योंकि हमारी वृद्धि घरेलू स्तर पर मौजूद खपत के कारण संतुलित है। यह वैश्विक मानक वाले उत्पादों की मांग द्वारा समर्थित है और यही कारण है कि 1990 के दशक से वैश्वीकरण ने भारत को कई अवसर दिये हैं।'


# चालू वित्त वर्ष की पहली मौदिक नीति समीक्षा आज पेश करेंगे आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा





**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि मुद्रास्फीति में नरमी और डोनाल्ड ट्रंप शुल्क से वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने की जरूरत के बीच आरबीआई बुधवार को फिर से नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कमी करेगा। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सोमवार को मौद्रिक नीति की समीक्षा को लेकर तीन दिवसीय बैठक शुरू की। उल्लेखनीय है कि एमपीसी ने फरवरी में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। आरबीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा सुबह 10:00 बजे (नौ अप्रैल को) मौद्रिक नीति लेकर एमपीसी की बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में जानकारी देंगे।'' एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया, ''हमें उम्मीद है कि आरबीआई अप्रैल में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा...हमें यह भी उम्मीद है कि आरबीआई अधिशेष नकदी बनाये रखने के लिए भी कदम उठाएगा।'' रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमान को कम कर सकता है। वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने भी रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद जतायी है। उसने कहा कि महत्वपूर्ण आंकड़ों, मुद्रास्फीति में नरमी और ब्रेंट कच्चे तेल और डीएक्सवाई इंडेक्स (डॉलर सूचकांक) में तेज गिरावट के आधार पर पहली तिमाही में घरेलू गतिविधियों में नरमी ने आरबीआई के लिए राहत देने को लेकर अनुकूल माहौल बनाया है। एमआरजी ग्रुप के प्रबंध निदेशक रजत गोयल ने कहा , ''भारतीय रिजर्व बैंक की आगामी मौद्रिक नीति बैठक रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अहम मोड़ साबित हो सकती है। हमें पूरी उम्मीद है कि आरबीआई इस बार भी रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा।''

## औद्योगिक परिवेश को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लें : आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर क्षेत्र के विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर वैश्विक स्तर पर निवेश संवाद को सुदृढ़ किया जाए। मंगलवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 'इन्वेस्ट यूपी' के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को आत्मसात करते हुए पिछले आठ साल में उत्तर प्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य के रूप में औद्योगिक जगत की पहली पसंद बन कर उभरा है। इस सकारात्मक माहौल को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 'इन्वेस्ट यूपी' को 'मॉडल इन्-वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन' एजेंसी के रूप में कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएं। योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''हमारे पास हर क्षेत्र के विशेषज्ञ होने चाहिए, जो अपने अनुभव और विशेषज्ञता के अनुसार वैश्विक स्तर पर उद्योग से सुविधाजनक ढंग से संवाद और समन्वय बना सकें और प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि ऑनलाइन एकल खिड़की बनाई गई है और उद्यमियों को इसका लाभ भी प्राप्त हो रहा है, किंतु अब भी कतिपय प्रकरणों में निवेशकों को स्वीकृतियों के लिए अन्य विभागों से संपर्क करना पड़ता है। इसी प्रकार, यह भी देखने को मिला है कि निवेश की श्रेणी के आधार पर विभिन्न स्तर पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। पूरे अर्थों में 'एकल खिड़की' की व्यवस्था लागू होना चाहिए। योगी ने कहा कि निवेश मित्र की पुनर्संरचना की जाए। तकनीक की सहायता से ऐसी व्यवस्था करें, जिससे कि उद्यमियों के आवेदन अन्य विभागों को भेजने नहीं पड़ें। सभी विभागों को जोड़ें।

## व्यापार समझौतों में भारत के सर्वोत्तम हितों का ध्यान रखा जाएगा: गोयल

**मुंबई :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करते समय भारत के सर्वोत्तम हितों को सर्वोपरि रखा जाने का कारोबारियों को भरोसा दिलाया। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 'भारत प्रथम' सरकार का मार्गदर्शक सिद्धांत और मूल मंत्र है। उन्होंने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर सीधी टिप्पणी से बचते हुए कहा कि भारत कई देशों के साथ सकारात्मक दिशा में बातचीत कर रहा है। उन्होंने देश के कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि विस्तृत विषयों और उत्पादों को शामिल करते हुए इन चर्चाओं में भारत का हित सबसे ऊपर है। वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''मैं देश भर के कारोबारी लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम भारत के सर्वोत्तम हितों को अपनी चर्चाओं में सबसे आगे रखेंगे।'' गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जियो फाइनेंस देगा शेयर, म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज

**नयी दिल्ली :** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जियो फाइनेंस लि. ने प्रतिभूतियों के एवज में कर्ज देने के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि डीमैट खाते में रखे शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे निवेश उत्पादों को गिरवी रखकर ग्राहक कर्ज ले सकेंगे। कंपनी का दावा है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और सुरक्षित होगी तथा ग्राहकों को केवल 10 मिनट में ही राशि मिल जाएगी। बयान के अनुसार, ग्राहक जियो फाइनेंस ऐप के जरिये यह सुविधा उठा सकते हैं। इसे ग्राहकों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के मकसद से डिजाइन किया गया है। इसमें शेयर और म्यूचुअल फंड के एवज में कर्ज जैसी सेवाएं शामिल हैं। जियो फाइनेंस लि. के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी कुसल रॉय ने कहा, प्रतिभूतियों के एवज में कर्ज की पेशकश हमारी व्यापक डिजिटल रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के वित्तीय सेवाओं तक पहुंच के तरीके को बदलना है। यह वित्तीय सेवाओं को अधिक सुलभ, तेज और ग्राहक-केंद्रित बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## वोडाफोन आइडिया ने दीपम को 36,950 करोड़ रुपये के शेयर जारी किए





**नयी दिल्ली :** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने स्पेक्ट्रम नीलामी बकाया को इक्विटी में बदलने के सरकार के हालिया फैसले के बाद निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को 36,950 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर जारी और आवंटित कर दिए हैं। दीपम विभाग को 3,690 करोड़ शेयर आवंटित किए जाने के बाद वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) की विस्तारित चुकता पूंजी आधार में सरकार की हिस्सेदारी 48.99 प्रतिशत हो गई है। वीआईएल ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल की पूंजी जुटाने वाली समिति ने आठ अप्रैल, 2025 को अपनी बैठक में 10 रुपये अंकित मूल्य के 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर दीपम को जारी और आवंटित किए। इन शेयरों का कुल मूल्य 36,950 करोड़ रुपये है। वोडाफोन आइडिया ने यह कदम केंद्र द्वारा बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी को इक्विटी हिस्सेदारी में परिवर्तित करने के निर्णय के बाद उठाया है। दूरसंचार कंपनी ने कहा, ''इक्विटी शेयरों के उपरोक्त आवंटन के बाद कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी बढ़कर 10,83,43,03,50,010 रुपये हो गई है, जिसमें 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 1,08,34,30,35,001 इक्विटी शेयर शामिल हैं।'

## सोना 200 रुपये टूटकर 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी में उछाल

**नयी दिल्ली :** स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबार में यह 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## वर्ग पहेली नं. 3057

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | 27 | |
| | ■ | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) जीवनकाल, 4) जोड़ों में सूजन और पीड़ा होने का रोग, 6) ग्राहक, 7) अग्रणी; सरदार; *लीडर*, 9) एक संकरित पशु *(घोड़ा और गधी)*, 10) स्त्रीलिंगीय सजीव, 12) मौन, 13) तहलका, 15) हमेशा, 17) गिरोह; पक्ष; समूह, 18) मनोविकार; *इमोशन*; मूल्य, 19) रुष्ट; अप्रसन्न, 20) मुसलमानी धर्मसूत्र, 22) कौआ, 23) शताब्दी, 24) इच्छा; चित्त, 26) नीला *(रंग)*, 28) झंझटी; हुज्जती, 29) घोड़ा.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) प्रसंगवश स्मरण; ज़िक्र, 2) किसी वस्तु या काम की देखरेख, 3) गुंडागर्दी, 4) उष्णता, 5) अर्थात, 8) एक भाषा, 11) दलहन, 14) एक पादत्राण, 15) परिषद, 16) नियतिवादी, 17) भूतकालीन; व्यतीत, 19) मूर्ख, 20) आसक्ति; सौंदर्य, 21) प्रतिष्ठित, 23) स्तब्ध; हतप्रभ; अवाक्, 25) पहाड़; अदद, 26) एक कंद *(सागसब्जी)*, 27) महीना.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | न | मि | न | ■ | शा | य | द | ■ | ति |
| ■ | ■ | सा | र | मे | य | ■ | म | रु | त |
| अ | का | ल | ■ | म | र | ना | ■ | चि | र |
| न | ■ | ■ | त | ना | ■ | जा | दू | ■ | बि |
| मो | ती | चू | र | ■ | गा | य | ■ | अं | त |
| ल | त | ■ | सा | ली | ■ | ज | ल | ध | र |
| ■ | र | स | ना | ■ | अ | ■ | बा | ■ | ■ |
| दु | ■ | ज्ज | ■ | स | म | त | ल | ■ | का |
| आ | न | न | फ़ा | न | न | ■ | ब | र | फ़ी |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | | 3 | | | | | |
| | | 2 | | | | 7 | | |
| | | | | | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | | 5 |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| 4 | | | 5 | | 1 | | | |
| 2 | | | | | | 6 | 7 | |
| | | | | | | 8 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3016 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 |

# अभिजीत गंगोपाध्याय ने 'योग्य' स्कूल कर्मियों के साथ की बैठक, एसएससी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**❑ सांसद ने 'पात्र' कर्मियों की सूची के लिए एसएससी परीक्षा की ओएमआर शीट की मांग की**




**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) भर्ती घोटाले से प्रभावित उम्मीदवारों के हक की लड़ाई तेज होती जा रही है। मंगलवार को हाई कोर्ट के पूर्व जज और वर्तमान में भाजपा के सांसद अभिजीत गांगुली प्रभावित अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ एसएससी कार्यालय पहुंचे। उनका मकसद आयोग के चेयरमैन से मिलकर भर्ती से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना था। लेकिन वहां उनके साथ हुए व्यवहार ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का आरोप है कि आयोग के चेयरमैन से मिलने का अवसर तो मिला ही नहीं, उल्टा एसएससी सचिव ने उन्हें स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि वह इस मामले में कुछ सुनने के इच्छुक नहीं हैं। इस व्यवहार से नाराज होकर सांसद और उनके साथियों ने कार्यालय के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। अभिजीत गांगुली ने संग्रामी संयुक्त मंच के प्रतिनिधियों के माध्यम से बेरोजगारों को बड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक मजबूत आंदोलन खड़ा करने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। अगर हम सब एक साथ नहीं लड़ेंगे तो हम सब डूब जायेंगे। भाजपा सांसद ने एसएससी कार्यालय के बाहर से फिर यही बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सभी मांगों से कार्यालय को अवगत करा दिया जाएगा। एसएससी से अनुरोध किया जाएगा कि वह ओएमआर शीट की प्रतिरूप (मिरर इमेज) प्रकाशित करे। उन्होंने आयोग से ओएमआर शीट की जांच कर योग्य अभ्यर्थियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई और दावा किया गया कि एसएससी द्वारा यह काम आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर एसएससी ओएमआर की जांच करने में असमर्थ है, तो हम मान लेंगे कि उन पर (ऐसा न करने का) दबाव है। लेकिन उन्हें ऐसा करना ही होगा। तमलुक से सांसद ने कहा कि वह नौ अप्रैल को फिर से एसएससी कार्यालय जाएंगे और दबाव बनाने के लिए अध्यक्ष से मिलेंगे। सांसद ने प्रभावित अभ्यर्थियों की आवाज़ को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति में धांधली से पीड़ित उम्मीदवारों को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इस मुद्दे पर वह किसी भी स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं।

**❑ वह पहले नेता जैसा बोलते थे अब जज जैसा बोल रहे हैं : ब्रात्य बसु**

इस पूरे घटनाक्रम के बीच राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने अभिजीत गांगुली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब वह न्यायाधीश थे तब राजनीतिक नेताओं जैसी भाषा बोलते थे, अब सांसद बनने के बाद न्यायाधीशों जैसी बातें कर रहे हैं! सुना है कि एक समय वह अभिनेता बनना चाहते थे! क्या उन्हें यह पता नहीं है कि किस समय कैसी भूमिका निभानी चाहिए?

## बर्खास्त शिक्षकों की बहाली के लिए राहुल गांधी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, बोले... 'संज्ञान लीजिए महामहिम'

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उनसे पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने और सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का आग्रह किया कि निष्पक्ष तरीकों से चुने गए उम्मीदवारों को सेवा में बने रहने दिया जाए। सोमवार को लिखे अपने पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि मैं पश्चिम बंगाल में हजारों योग्य स्कूल शिक्षकों के मामले में आपसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के कारण अपनी नौकरी खो दी है। प्रभावित शिक्षकों के लिए एक मंच, शिक्षक-शिक्षा अधिकार मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुझे मामले से अवगत कराया और मुझे विशेष रूप से आपको पत्र लिखने का अनुरोध किया। राहुल गांधी ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती में गंभीर अनियमितताएं पाईं और पूरी प्रक्रिया को अमान्य घोषित कर दिया। 3 अप्रैल को, सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। निर्णय के बाद से, शिक्षकों के साथ-साथ बर्खास्त किए जाने वाले कर्मचारियों ने किसी भी निवारण की उम्मीद लगभग छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि दोनों निर्णयों में पाया गया कि कुछ उम्मीदवार बेदाग थे – निष्पक्ष साधनों के माध्यम से चुने गए, और कुछ 'दागी' थे – अनुचित साधनों के माध्यम से चुने गए। दागी और बेदाग दोनों के साथ एक जैसा व्यवहार अन्याय है। राहुल गांधी ने कहा कि दागी और बेदाग दोनों तरह के शिक्षकों की नौकरी चली गई है। भर्ती के दौरान किए गए किसी भी अपराध की निंदा की जानी चाहिए और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। हालांकि, निष्पक्ष तरीके से चयनित शिक्षकों के साथ दागी शिक्षकों के समान व्यवहार करना घोर अन्याय है। उनके अनुसार, अधिकांश 'बेदाग' शिक्षक करीब एक दशक से सेवारत हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नौकरी समाप्त करने से लाखों छात्र बिना पर्याप्त शिक्षकों के कक्षाओं में जाने को मजबूर होंगे। शिक्षकों की मनमाने तरीके से बर्खास्तगी से उनका मनोबल और सेवा करने की प्रेरणा नष्ट हो जाएगी और उनके परिवारों को आय के एकमात्र स्रोत से वंचित होना पड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा कि मैडम, आपने खुद एक शिक्षक के रूप में काम किया है। मुझे यकीन है कि आप शिक्षकों, उनके परिवारों और उनके छात्रों के साथ इस अन्याय की भारी मानवीय कीमत समझती हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया उनके अनुरोध पर विचार करें और सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि निष्पक्ष तरीके से चुने गए उम्मीदवारों को सेवा में बने रहने की अनुमति दी जाए।

## क्या नौकरी से निकाले गए शिक्षक देख सकेंगे उच्च माध्यमिक की कॉपियां? बोर्ड ने की स्थिति स्पष्ट

**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नौकरी गंवाने वाले शिक्षक अगर चाहें तो उच्च माध्यमिक की उत्तरपुस्तिकाएं जांच सकते हैं – यह स्पष्ट कर दिया गया है बोर्ड की ओर से। साथ ही यह भी साफ किया गया है कि अगर कोई शिक्षक यह ज़िम्मेदारी लौटाना चाहे, तो उसे भी रोका नहीं जाएगा। यानि कि अब यह निर्णय पूरी तरह से उन शिक्षकों के ऊपर छोड़ दिया गया है कि वे कॉपी जांच का काम करना चाहते हैं या नहीं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद पश्चिम बंगाल के करीब 26 हजार शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी रातों-रात अपनी नौकरी से हाथ धो बैठे। उस वक्त राज्य में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक की कॉपियों की जांच प्रक्रिया जारी थी। स्वाभाविक रूप से इन शिक्षकों के पास भी जांच के लिए उत्तरपुस्तिकाएं थीं। ऐसे में जब उनकी नौकरी चली गई, तब सवाल उठने लगा कि क्या वे अब भी कॉपी जांच का काम कर सकते हैं या नहीं। मंगलवार को इस मुद्दे पर विधानसभा की तरफ से स्थिति स्पष्ट की गई। कहा गया कि अगर नौकरी से हटाए गए शिक्षक स्वेच्छा से कॉपी जांच का काम करना चाहें, तो उन्हें इसकी अनुमति दी जाएगी। वहीं अगर कोई यह ज़िम्मेदारी निभाना न चाहे, तो उसे कोई बाध्यता नहीं होगी। इस फैसले से एक ओर जहां कई शिक्षकों को राहत मिली है, वहीं अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नौकरी से हटाए गए कितने शिक्षक वास्तव में कॉपी जांच का काम करना चाहते हैं।

# शिक्षक भर्ती विवाद : भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने कोलकाता व हावड़ा में किया प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की विपक्षी दलों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कोलकाता और हावड़ा की सड़कों पर प्रदर्शन किया और उच्चतम न्यायालय द्वारा 25,000 से अधिक स्कूली नौकरियों को रद्द करने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। इस दिन, माकपा की छात्र शाखा, भाजपा के युवा मोर्चे और कांग्रेस ने अलग-अलग दोनों शहरों की मुख्य सड़कों को अवरुद्ध किया। कोलकाता में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के लगभग 100 कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए एमजी रोड-सेंट्रल एवेन्यू क्रॉसिंग को लगभग एक घंटे तक जाम रखा। पच्चीस हजार से अधिक स्कूल कर्मचारियों की नौकरियों को अमान्य करने के लिए बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए इन पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके इस्तीफे की मांग की और दावा किया कि राज्य सरकार द्वारा दागी और बेदाग कर्मचारियों को अलग करने में विफलता के कारण वर्तमान स्थिति पैदा हुई है। पुलिस ने कहा कि विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही बाधित हुई।

# मुख्य सचिव की निगरानी में मुख्यमंत्री ने गठित की नई कमेटी

**❑ इस समिति का उद्देश्य राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर नज़र रखना और समन्वय स्थापित करना होगा**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सरकार की एक नई विशेष समिति के गठन का निर्णय लिया है, जिसकी निगरानी करेंगे राज्य के मुख्य सचिव मनोज पांडे। इस समिति का उद्देश्य राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर नज़र रखना और समन्वय स्थापित करना है। इस कमेटी में शामिल किए गए हैं राज्य के वरिष्ठ मंत्री – अरूप विश्वास, फिरहाद हकीम, ब्रत्य बसु, मलय घटक, चंद्रिमा भट्टाचार्य और शशि पांजा।

मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान इस कमेटी के गठन के अलावा कई अन्य फैसले भी लिए गए। मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने जानकारी दी कि पानागढ़ इंडस्ट्रियल पार्क में स्थित ड ब्ल यू बि आ इ ड ी सी (डब्ल्यूबीआईडीसी) की 33.182 एकड़ ज़मीन पर एक नया फर्टिला-इज़र (सिंचाई) कारखाना स्थापित किया जाएगा। यह कारखाना मेसर्स एग्रीसोर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा निर्मित किया जाएगा, और शीघ्र ही भूमि का हस्तांतरण भी किया जाएगा।

इसके अलावा राज्य सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि बंगाल के विभिन्न शहरों में बिग बाज़ार की तर्ज़ पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे, जहां स्वयं सहायता समूहों (स्वयं सहायता समूह) के लिए दो मंज़िलें आरक्षित की जाएंगी। पहले चरण में जलपाईगुड़ी (2), पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम को इस योजना के तहत स्वीकृति दी गई थी। अब मंत्रिमंडल ने चार नए स्थानों – कोचबिहार, हावड़ा, उत्तर दिनाजपुर और बांकुड़ा – में ऐसे कॉम्प्लेक्स बनाने को भी मंज़ूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई में लिए गए इन फैसलों से राज्य में औद्योगिक विकास और स्थानीय महिलाओं के सशक्तिकरण को गति मिलने की उम्मीद है।

## भाजपा हनुमान जयंती रैली के लिए अनुमति की मांग को लेकर हाई कोर्ट पहुंची

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा ने आगामी 12 अप्रैल को कोलकाता में हनुमान जयंती के अवसर पर रैली आयोजित करने के लिए अनुमति मांगते हुए मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया। भाजपा की ओर से न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में दायर याचिका में कहा गया है कि रैली के आयोजन के लिए कुछ समय पूर्व कोलकाता पुलिस से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। भाजपा के प्रस्ताव के अनुसार, यह रैली 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मध्य कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित की जानी है। अदालत ने याचिका को स्वीकार कर लिया है और इस पर बुधवार को सुनवाई होने की संभावना है।

# उपचुनाव की तैयारी को लेकर आयोग में सर्वदलीय बैठक, फोकस 'भूतपूर्व वोटर' पर




**कोलकाता :** नदिया जिले के कालिगंज विधानसभा उपचुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी को लेकर आज राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की राज्य के नवनियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने।

तृणमूल कांग्रेस की ओर से बैठक में प्रतिनिधित्व किया काउंसिलर देवाशीष कुमार ने। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि कालिगंज के मतदाता सूची की समीक्षा शुरू हो गई है और इसी मुद्दे पर बातचीत के लिए यह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। तृणमूल की ओर से मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को सुधारने पर विशेष जोर दिया गया।

देवाशीष कुमार ने कहा कि बार-बार तृणमूल कांग्रेस की तरफ से यह बात उठाई गई है कि एक ही ईपिक (ईपीआईसी) नंबर पर कई मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इस विषय को आयोग के संज्ञान में लाया गया है और यह मांग की गई है कि ऐसे सभी डुप्लिकेट नामों को सूची से हटाया जाए और जिन लोगों ने यह गड़बड़ी की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगे बताया कि नए मुख्य चुनाव अधिकारी ने भी आश्वासन दिया है कि आयोग इस बात पर विशेष नजर रखेगा कि एक ही ईपिक नंबर पर एक से अधिक मतदाता के नाम न रहें और मतदाता सूची को पूरी तरह पारदर्शी और सटीक बनाया जाए।

## हाई कोर्ट में 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं पर सुनवाई के लिए गठित हुई नई पीठ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की नई डिवीजन बेंच, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती कर रहे हैं, अब राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं से जुड़े मामले की सुनवाई करेगी। बता दें कि पहले यह मामला न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास की पीठ को सौंपा गया था। हालांकि, सोमवार को न्यायमूर्ति सेन ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इसके बाद, मामला मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगणनम के पास भेजा गया, जिन्होंने इसे न्यायमूर्ति चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली नई डिवीजन बेंच को सौंप दिया। इस मामले में राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत लगभग 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि मई 2023 में कलकत्ता हाई कोर्ट के तत्कालीन एकल पीठ के न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली, जो अब भाजपा के लोकसभा सांसद हैं, ने भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ियों को देखते हुए 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया था। यह फैसला उन याचिकाओं के आधार पर आया था, जिनमें वंचित अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया था कि कई कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को भी अनुशंसा पत्र मिल गए थे। राज्य सरकार ने इस आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच में अपील की थी, जिसे न्यायमूर्ति सेन की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। अब न्यायमूर्ति सेन के सुनवाई से अलग होने के बाद मामला न्यायमूर्ति चक्रवर्ती की पीठ के पास चला गया है।

## सरकारी अस्पताल में इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी नौ बच्चों की तबीयत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के से तेहट्ट महकमा अस्पताल के शिशु विभाग में इंजेक्शन लगाने के बाद सोमवार की शाम नौ बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। इस कारण अस्पताल में दहशत के साथ तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल अस्पताल परिसर में पहुंचा और स्थिति को कुछ हद तक शांत किया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, नौ बच्चों को शक्तिनगर जिला अस्पताल में स्थानांतरित किया जा चुका है। अस्पताल अधीक्षक बप्पादित्य ढाली ने कहा कि पूरी घटना की जांच की जाएगी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, सोमवार की शाम तक बुखार, दस्त, उल्टी और अन्य समस्याओं के साथ लगभग तीस बच्चों को भर्ती कराया गया। भर्ती कराए गए अधिकांश बच्चों को बुखार, सीने में जलन और उल्टी रोकने के लिए अस्पताल की ओर से इंजेक्शन दिए गए थे। बच्चों के माता-पिता का दावा है कि उन्हें उस विभाग से बुखार के लिए एंटीबायोटिक दवाएं लाने को कहा गया था। यही कारण है कि कुछ माता-पिता अस्पताल के बाहर स्थित दवा की दुकान से दवा खरीदने चले गए। एंटीबायोटिक दवाओं के अलावा बच्चों को अस्पताल की ओर से विभिन्न बीमारियों के लिए इंजेक्शन भी दिए गए। मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग में भर्ती बच्चे इंजेक्शन लगाने के बाद बीमार पड़ गए। इस घटना की जानकारी होते ही विभाग में दहशत फैल गई।

# कल्याण बनर्जी ने अपनी ही पार्टी के सांसदों के खिलाफ खोला मोर्चा

**❑ तृणमूल सांसद ने सौगत राय, कीर्ति आजाद व महुआ मोईत्रा पर साधा निशाना**




**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा दल के भीतर चल रही 'गृहयुद्ध' अब व्हाट्सएप ग्रुप से निकलकर खुल्लम खुल्ला सार्वजनिक मंच पर आ गई है। मंगलवार को वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में तृणमूल के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी ने एक संवाददाता सम्मेलन कर अपनी ही पार्टी के तीन सांसदों पर तीखा हमला बोला। कल्याण ने स्पष्ट रूप से दमदम से सांसद सौगत राय और बर्द्धमान-दुर्गापुर से सांसद तथा पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद का नाम लिया। हालांकि, तीसरे सांसद का नाम उन्होंने सीधे नहीं लिया, लेकिन उनके इशारों से स्पष्ट था कि वह कृष्णनगर से सांसद महुआ मोइत्रा की ही बात कर रहे थे। सौगत राय और एक महिला सांसद (महुआ मोइत्रा) को एक ही श्रेणी में रखते हुए कल्याण ने आरोप लगाया कि सौगत राय का कोई चरित्र है क्या? क्या आप भूल गए कि नारदा कांड में उसने पैसा लिया था? चोरों और इधर-उधर से उपहार लेने वाले (महुआ) सब एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं। ऐसे 'दू नंबरियों' को एकजुट होने में देर नहीं लगती। गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा पर पिछले कार्यकाल के अंत में संसद से निकाल दिया गया था। उन पर विदेश में रह रहे एक व्यापारी से उपहार लेकर संसद में अडाणी और मोदी के खिलाफ सवाल उठाने का आरोप था। कल्याण ने उपहार लेने का जिक्र कर अप्रत्यक्ष रूप से इसी ओर इशारा किया। महुआ के पत्र के बारे में पूछे जाने पर कल्याण ने कहा कि मैं संसद में सभी के खिलाफ अकेले लड़ता हूं। एक सत्र में आकर देखो, तब समझोगे! साथ ही, उन्होंने कहा कि अगर दीदी (ममता बनर्जी) को लगे कि मैंने गलती की है, तो मुझे बता दें। मैं सब छोड़कर चला जाऊंगा। मेरे पास क्या है!

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. : टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/150 दिनांक 07.04.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), बामनगाछी, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाकारों से ई-निविदा प्रपत्र के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: कार्य का विवरण: इलेक्ट्रिक लोको शेड, हावड़ा में "इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव कैबों में फिट किए हुए कैब एसी की एएमसी"। अनुमानित मूल्य: रु.2,63,68,561.84, बोली प्रतिभूति: रु. 2,81,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य।, समापन अवधि: 36 माह। निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 25.04.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक/योग्य फर्मों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। किसी भी संशोधन को यहाँ दी गई वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-10/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों की रद्दगी**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में राजनांदगांव-कलमना तृतीय लाइन के कार्य के सम्बन्ध में गोंदिया स्टेशन पर मल्टीपल एस्पेक्ट कलर लाइट सिग्नल सहित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (वितरित प्रकार) के प्रावधान के लिए, नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें रद्द रहेंगी: (1) 17005 हैदराबाद-रक्सौल साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 01.05.2025)। (2) 17006 रक्सौल-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 04.05.2025)। (3) 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 29.04.2025 और 03.05.2025)। (4) 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 02.05.2025 और 06.05.2025)। (5) 17321 वास्को द गामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 02.05.2025)। (6) 17322 जसीडीह-वास्को द गामा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 05.05.2025)। (7) 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक (टी) कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 03.05.2025)। (8) 22511 लोकमान्य तिलक (टी)-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 06.05.2025)। (9) 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 03.05.2025)। (10) 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू की तारीख 05.05.2025)। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

**पूर्व रेलवे**

संक्षिप्त ई-निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-02-25-26 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 07.04.2025, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम : सियालदह मंडल-सीपीएम/जीएसयू/सियालदह के कार्यक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सियालदह मंडल के रोड ओवर ब्रिज द्वारा एलसी को हटाने के लिए डीपीआर तैयार करना (कुल 27 लेवल क्रॉसिंग)। अनुमानित मूल्य : रु. 2,56,81,575.60, बयाना राशि : रु. 2,78,400/-, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। समापन अवधि : 6 माह। खुलने की तिथि : दिनांक 28.04.2025, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-08/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/20, दिनांक: 07.04.2025, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि :(1) 01251511, फ्लेक्सिबल पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग शीट आदि का क्रय, रु. 5,70,440/-,, (2) 05241032ए; ट्रैक्शन मोटर के लिए गियर केस ऑयल का क्रय आदि, रु. 1,58,530/-, (3) 10251766; प्लग के साथ हाई वोल्टेज केबल आदि, रु. 2,00,890/-, निविदा खुलने की तिथि: 24.04.2025, समय : 13.30 बजे [क्रम सं. 1 से 3 हेतु], (4) 10245042ए; 3डी एडजस्टेबल 360 डिग्री रोटेशनल ड्राइवर सीट आदि, रु. 5,25,340/-, (5) 15255004; ईओटी क्रेन 20 टन, रु. 1,20,800/-, निविदा खुलने की तिथि: 25.04.2025, समय : 13.30 बजे [क्रम सं. 4 से 5 हेतु], (6) 15245090ए; वैक्यूम प्रेशर इम्प्रेग्नेशन प्लांट (वीपीआईपी) की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना, रु. 7,26,000/-, निविदा खुलने की तिथि: 29.04.2025, समय : 13.30 बजे, (7) 10252387; अर्थ रिटर्न ब्रश होल्डर असेंबली आदि, रु. 1,93,180/-, निविदा खुलने की तिथि: 02.05.2025, समय : 13.30 बजे, (8) 12255179; आरडीएसओ ड्रॉ.नं. टी-6155 और टी-6280 के तहत थिक वेब स्विचों के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, रु. 50,00,000/-, (9) 15255032; कम्प्यूटर आधारित मेजरिंग एवं रिकॉर्डिंग सिस्टम के साथ व्हील प्रेस की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना (क्षमता:500 टन) आदि, रु. 4,74,340/-, निविदा खुलने की तिथि: 05.05.2025, समय : 13.30 बजे [क्रम सं. 8 से 9 हेतु], (10) 20255005; ईएमयू/एमईएमयू कैब आदि में ट्विन बीम एलईडी हेडलाइट की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना, रु.3,00,550/-, निविदा खुलने की तिथि: 07.05.2025, समय : 13.30 बजे, (11) 15245108ए; (क) एयर स्प्रिंग सस्पेंशन (एएसआर) फ्लैट बोगी फ्रेम ब्रेक बीम आदि के फाइनल वेल्डिंग फिक्सचर एवं मैनिपुलेटर की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना , रु. 3,08,370/-, निविदा खुलने की तिथि: 12.05.2025, समय : 13.30 बजे। निविदा मूल्य: रु. 0 [क्रम सं. 1 से 11 हेतु]। टिप्पणी: उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-02/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: डीएल_एचडब्ल्यूएच_ फ्लेक्सी_ कॉइल_147, दिनांक: 07.04.2025, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/लोको , पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: डीएल_एचडब्ल्यूएच_ फ्लेक्सी_ कॉइल_147 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: 01 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा डीजल शेड, पूर्व रेलवे, हावड़ा में डब्ल्यूएपी4 इलेक्ट्रिक लोको की 50 फ्लेक्सी कॉइल बोगियों की मरम्मत/ओवरहॉलिंग। बोली प्रणाली : एकल पैकेट प्रणाली। विज्ञापित मूल्य: रु. 65,63,457.95, बयाना राशि: रु. 1,32,000/-, निविदा कागजात का मूल्य: रु. 0.00, समापन अवधि: 12 माह। प्रस्ताव की वैधता : 60 दिन। निविदा अपलोड करने की तिथि और समय: दिनांक 04.04.2025 को 12.11 बजे। बोली प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 16.04.2025, निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 30.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। HWH-11/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-निविदा सूचना सं० 01/2024-25 (खुली) / उमुई।/एमसीएफ/आरबीएल
उप मुख्य इंजीनियर- ।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है । क्रम सं 1 कार्य का नाम मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली के 3 एसटीपी (टाउनशिप में 1.1 एमएलडी और 0.4 एमएलडी और वर्कशॉप में 1.0 एमएलडी) का 03 वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव। निविदा सं० 01/2025-26 अनुमानित लागत रू० 2,26,08,558.13 निविदा खुलने की तिथि 08.05.2025 कार्य समापन की अवधि 36 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ●आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर-।

ई-निविदा सूचना सं० 32/2024-25 (खुली) / उमुई ।/ एमसीएफ/ आरबीएल
उप मुख्य इंजीनियर-।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है. । क्रम सं 1 कार्य का नाम नई दिल्ली में स्थित जी एम कैंप ऑफिस ओआरएच एसआरएच के विशेष मरम्मत और रखखाव का कार्य एक वर्ष के लिए। निविदा सं० 25/2024-25 अनुमानित लागत रू० 24,79,364.30 निविदा खुलने की तिथि 28.04.2025 कार्य समापन की अवधि 12 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ●आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। उप मुख्य इंजीनियर-।

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं.93/ईटी/2024-25 दिनांक: 04.04.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12241468ए | बोगी फ्रेम असेम्बली फॉर नान-एसी एअर स्प्रिंग टाईप एलएचबी फीएट बोगी | 1240 नग | 02/05/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 85/ईटी/2024-25 दिनांक 07.03.2025 | टैन्डर न. 05251009ए | निविदा खुलने की तिथि 04/04/2025 स्थान पर तिथि 08/04/2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# हाई कोर्ट ने नदिया में व्यक्ति की अप्राकृतिक मौत की जांच सीबीआई को सौंपने का दिया आदेश



**कोलकत्ता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नदिया जिले में एक व्यक्ति की अप्राकृतिक मौत के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। बता दें कि पुलिस कर्मी 2023 में व्यक्ति को उसके घर से कथित तौर पर अपने साथ ले गये थे। अदालत ने कहा कि मृतक के भाई के खिलाफ दर्ज हत्या के मामले को पहले ही उच्च न्यायालय ने सीबीआई को सौंप दिया था। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने आदेश पारित करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के मन में निष्पक्ष और व्यापक जांच के लिए विश्वास पैदा करने के लिए सौकत मंडल की मौत की जांच सीबीआई को सौंपने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति घोष ने निर्देश दिया कि मंडल की मौत की जांच से संबंधित केस डायरी और अन्य सामग्री राज्य पुलिस द्वारा जांच एजेंसी को सौंपी जाए। अदालत ने कहा कि उचित जांच के हित में दोनों मामलों की जांच सीबीआई के एक ही अधिकारी को संभालनी चाहिए। याचिकाकर्ता मंजुरा बीबी ने अपने पति सौकत मंडल की मौत के संबंध में राज्य पुलिस से जांच सीबीआई को सौंपने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। मंजुरा बीबी ने आरोप लगाया कि 26 अगस्त 2023 को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के मुरुतिया थाने के अधिकारियों ने याचिकाकर्ता के साले मोहन मंडल की तलाश में उनके घर पर छापा मारा। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मोहन के न मिलने पर उसके पति को पुलिस जबरन अपने साथ ले गयी। याचिकाकर्ता के मुताबिक, सौकत मंडल का शव उनके घर से करीब 500 मीटर दूर मिला था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या कर दी गई और शव को बगीचे में फेंक दिया गया। मंजुरा बीबी ने दावा किया कि उसने जिला पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज करा कर अपने पति की मौत में शामिल आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि जब अधिकारियों ने उसके शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, तब उसने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

# शुभेंदु की याचिका पर हाईकोर्ट की मुहर, मिली मोथाबाड़ी जाने की अनुमति



**कोलकाता :** मोथाबाड़ी जाने की इजाज़त मिल गई है पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को। कोलकाता हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ शुभेंदु को मोथाबाड़ी जाने की अनुमति दी है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि उन्हें 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच ही मोथाबाड़ी जाना होगा। इस दौरान वे चार विशेष क्षेत्रों में ही जा सकेंगे। उनके साथ भाजपा विधायक अशोक दिन्दा भी होंगे।

सूत्रों के अनुसार, शुभेंदु गंगाप्रसाद क्षेत्र, उत्तर लक्ष्मीपुर क्षेत्र, मोथाबाड़ी क्षेत्र और हमीदपुर क्षेत्र का दौरा करेंगे। मालदा के मोथाबाड़ी इलाका बीते कुछ दिनों से काफी अशांत है। वहां हाल के दिनों में हिंसा और गुटीय झड़पों के कारण स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। पुलिस ने अब तक 61 लोगों को गिरफ्तार किया है और कुल 19 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। हालांकि, राज्य पुलिस के एडीजी (कानून–व्यवस्था) जावेद शमीम का कहना है कि घटना सामने आने के तुरंत बाद आवश्यक कदम उठाए गए हैं और फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

शुभेंदु अधिकारी ने मोथाबाड़ी जाने की अनुमति के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने उन्हें केस दायर करने की अनुमति दी और फिर इस दौरे की सशर्त इजाजत दी। शुभेंदु ने अदालत को आश्वस्त किया था कि वे केवल एक सुरक्षाकर्मी और एक विधायक को साथ लेकर वहां जाएंगे, कोई रैली या जुलूस नहीं निकालेंगे, और किसी प्रकार की अराजकता नहीं फैलने देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मकसद केवल हालात का जायज़ा लेना है, न कि कोई राजनीतिक प्रदर्शन करना।

## आसनसोल–पोरबंदर–आसनसोल स्पेशल ट्रेन में यात्रियों को मिलेंगी 4,800 सीटें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा आसनसोल और पोरबंदर के बीच गर्मी के मौसम में विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे 4,800 बर्थ उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके तहत, 09205 पोरबंदर–आसनसोल समर स्पेशल ट्रेन पोरबंदर से 10 अप्रैल और 17 अप्रैल को 08:50 बजे रवाना होकर, तीसरे दिन 06:45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वहीं, 09206 आसनसोल–पोरबंदर समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल और 19 अप्रैल को 17:45 बजे आसनसोल से रवाना होकर तीसरे दिन 13:45 बजे पोरबंदर पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित श्रेणियां उपलब्ध होंगी।

## कोलकाता में जीआरएसई परिसर में किया गया अभ्यास

**कोलकाता, समाज्ञा :** सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स' (जीआरएसई) ने मंगलवार को कोलकाता में हुगली नदी के तट पर स्थित अपने परिसर में एक व्यापक अभ्यास का आयोजन किया, जिसमें आपात स्थिति में प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं का अभ्यास किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि इस अभ्यास में जीआरएसई के सभी परिसरों से कर्मचारियों को पूरी तरह से बाहर निकालना और इमारतों व परिसर की जांच करना शामिल था। इस अभ्यास का उद्देश्य आपात स्थिति में प्रोटोकॉल की दक्षता और समन्वय का परीक्षण करना था। उन्होंने बताया कि जहाज निर्माण केंद्र



में सुरक्षा, संरक्षण और आपात स्थिति से जुड़ी तैयारियों का परीक्षण करने के लिए, 'संभावित खतरे की स्थिति में प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं का अनुकरण' करते हुए अभ्यास का आयोजन किया गया। अधिकारी ने बताया कि इस तरह के अभ्यास नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं और ये तैयारी को मजबूत बनाने, मौजूदा प्रणालियों का मूल्यांकन करने और कार्मिकों व बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए अभिन्न अंग हैं।

## बंधन बैंक ने समृद्ध ग्राहकों के लिए 'एलाइट प्लस' बचत खाता किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने समृद्ध ग्राहकों के लिए 'एलाइट प्लस' बचत खाता लॉन्च किया है। यह खाता विशेष रूप से एक उन्नत बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। 'एलाइट प्लस' बचत खाता नए और आकर्षक फीचर्स के साथ आता है, जिनमें एक प्रीमियम 'एलाइट प्लस' डेबिट कार्ड और विशिष्ट लाइफस्टाइल लाभ शामिल हैं। इस उत्पाद का उद्घाटन बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रमाणिक सेनगुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर ईडी और सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर और ईडी और सीओओ रतन कुमार केश भी उपस्थित थे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली इस खाते के पहले ग्राहकों में से एक बने। 'एलाइट प्लस' के साथ, ग्राहक हर महीने अनलिमिटेड फ्री कैश




डिपॉजिट का आनंद ले सकते हैं, साथ ही आरटीजीएस, एनईएफटी और आईएमपीएस के लिए फ्री ट्रांजेक्शंस प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर पार्थ प्रमाणिक सेनगुप्ता ने कहा, हम मानते हैं कि यह नया उत्पाद हमारे प्रीमियम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करेगा, उन्हें बेमिसाल सुविधा, पुरस्कार और विशेषाधिकार प्रदान करेगा। लग्जरी ट्रैवल लाभ से लेकर विशिष्ट इंश्योरेंस कवर तक, 'एलाइट प्लस' बचत खाता एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। इसके अलावा, बैंक ने 'बंधन एलाइट' बचत खाता भी पुनः लॉन्च किया है, जिसमें एचएनआई ग्राहकों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

## नौकरी गंवाने वालों के समर्थन में फालाकाटा में शिक्षकों की हड़ताल, परीक्षा स्थगित

**अलीपुरद्वार :** फालाकाटा के प्रमोद नगर हाई स्कूल के शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण नौकरी गंवाने वाले सहकर्मियों के समर्थन में हड़ताल शुरू कर दी है। परिणामस्वरूप, स्कूल की परीक्षाएं स्थगित हो गई। दरअसल, स्कूल में अभी यूनिट टेस्ट चल रहा है। मंगलवार को चौथी परीक्षा थी। स्कुल पहुंचने पर छात्रों को पता चला कि शिक्षकों के विरोध के कारण उनकी परीक्षा नहीं होगी। परीक्षाएं 12 अप्रैल तक स्थगित कर दी गई है। जिसके बाद छात्र भी शिक्षकों के साथ हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। छात्र स्कूल के निकटवर्ती क्षेत्र में एकत्र हुए और कुछ घंटों तक विरोध प्रदर्शन किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक (उच्च माध्यमिक) अशानुल करीम ने इस मामले पर कहा कि शिक्षकों के हड़ताल के विषय में प्रधानाध्यापक से बात की जाएगी। उससे पहले कोई भी टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। वहीं, प्रमोद नगर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रदीप सान्याल ने कहा कि शिक्षकों ने अपने सहकर्मियों के लिए पेन डाउन किया है। शिक्षकों के पेन डाउन करने से परीक्षा लेने वाला कोई नहीं था, जिस वजह से छात्रों से घर जाने को कहा।

## भारतीय सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**कोलकाता :** भारत में हर दिन, लाखों परिवार अपने प्रियजनों के सुरक्षित घर लौटने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। देश में बढ़ती दुर्घटनाओं ने इस चिंता को और बढ़ा दिया है । समय की जरूरत को समझते हुए, कॉटियो भारत की सड़कों को दुनिया में सबसे सुरक्षित बनाने के मिशन पर काम कर रहा है। बताते चलें कि कॉटियो एक एआई–संचालित वीडियो टेलीमैटिक्स प्लेटफ़ॉर्म है, जो एआई के ज़रिए न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकता है, बल्कि ड्राइवरों और यात्रियों की सुरक्षा को सक्रिय रूप से सुनिश्चित कर सकता है। कॉटियो के सीईओ अंकित आचार्य ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल डेटा एकत्र करना नहीं, बल्कि उससे व्यवहार में सुधार लाकर जिंदगी बचाना है। निवेशकों का भी कंपनी पर गहरा विश्वास है। 9यूनिकॉर्न्स के डॉ. अपूर्व रंजन शर्मा ने कहा, सड़क सुरक्षा के लिए एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर, कॉटियो लाखों जिंदगियां बचाने का महत्वपूर्ण काम कर रहा है।

## पार्कसंस कार्टामुंडी ने लॉन्च किया जादुई 'ब्लैक बॉक्स'

**कोलकाता :** पार्कसंस कार्टामुंडी ने ब्लैक बॉक्स श्रेयस अय्यर मैजिक एडिशन डेक लॉन्च कर सोशल प्ले का नया रूप पेश किया है। एक बारीकी से तैयार किया गया 3–इन–1 और अपनी तरह का पहला मल्टीपर्पज डेक है। ब्लैक बॉक्स और क्रिकेट जगत की सनसनी व जादू के शौकीन श्रेयस अय्यर के साथ रणनीतिक साझेदारी में बना यह डेक पारंपरिक कार्ड गेम्स की सीमाओं से परे है। चाहे आप कार्ड गेम खेलने के शौकीन हों या उभरते हुए मैजिशियन, यह डेक आपको पहले जैसी कभी न देखी गई मैजिक की दुनिया से रूबरू कराता है। हर साल 10 लाख से अधिक डेक्स की बिक्री के साथ, ब्लैक बॉक्स भारत में ताश के पत्तों का एक अग्रणी ब्रांड बन चुका है। अब स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर के साथ इस साझेदारी ने कार्ड गेमिंग के अनुभव को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है, कलेक्टर्स, जादूगरों और गेमिंग के दीवानों के लिए यह एक बेहद रोमांचक और नया अनुभव है। 999 रूपए की कीमत पर यह खास डेक कलेक्टर्स और परफॉर्मर्स को बेहतरीन क्वालिटी और बेहतरीन शिल्पकौशल का अनुभव देता है।

## आईआईटी खड़गपुर ने भारत की प्रमुख फसलों पर सतही ओजोन प्रदूषण के खतरों का किया खुलासा

**कोलकाता, समाज्ञा**

आईआईटी खड़गपुर के सेंटर फॉर ओशन, रिवर, एटमॉस्फियर एंड लैंड साइंसेज (कोरल) के प्रोफेसर जयनारायणन कुट्टीपुरथ और उनकी शोध टीम द्वारा किए गए एक अभूतपूर्व अध्ययन में भारत की प्रमुख खाद्य फसलों पर सतही ओजोन प्रदूषण के गंभीर खतरों का खुलासा किया गया है। यह अध्ययन प्रतिष्ठित जर्नल एनवायरनमेंटल रिसर्च में प्रकाशित हुआ है, जिसका शीर्षक है भविष्य में जलवायु परिवर्तन के तहत भारत में प्रमुख खाद्य फसलों की उपज के लिए सतही ओजोन प्रदूषण–संचालित जोखिम। इस अध्ययन में बताया गया है कि कैसे ओजोन प्रदूषण, जो एक कम ज्ञात लेकिन शक्तिशाली खतरा है, देश में कृषि उपज को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। अध्ययन में प्रमुख खाद्यान्नों जैसे गेहूं, चावल और मक्का की बढ़ती सतही ओजोन प्रदूषण के प्रति संवेदनशीलता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के विकास लक्ष्य – गरीबी उन्मूलन और भूख शून्य – को प्राप्त करना वायु प्रदूषण, जनसंख्या वृद्धि और क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के कारण और भी कठिन हो सकता है।

## महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य के लिए बारह रेलकर्मियों को किया सम्मानित

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने मुख्यालय गार्डेन रीच में बारह रेलकर्मियों को सम्मानित किया। इन कर्मचारियों को यह सम्मान उनके कर्तव्य के प्रति निष्ठा, सुरक्षा के प्रति सजगता और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। ये सभी कर्मचारी फ्रंटलाइन पर तैनात हैं और अपने–अपने कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं को टालने और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सम्मानित कर्मचारियों में कमलेश राय, वरिष्ठ मोटरमैन/खड़गपुर, जोसेफ गारी, तकनीशियन–खखख/सीएंडडब्ल्यू/बामड़ा, कृष्ण चंद्र नायक, वरिष्ठ तकनीशियन/सीएंडडब्ल्यू/झारसुगुड़ा, मिस मिली सरकार, प्वाइंट्समैन–ए/बांकड़ा नयाबाज, पुष्पा सिंह, ट्रैक मेंटेनर–ख/श्यामचक, अनिल पांडे, ट्रैक मेंटेनर–खत/जलेश्वर, विशाल बिस्वास, ट्रैक मेंटेनर–खत/जलेश्वर, मोहम्मद सैफ अली खान, ट्रैक मेंटेनर–खत/कोटशिला, अमन कुमार, ट्रैक मेंटेनर–खत/हरुबेरा, उपेंद्र राम, ट्रैक मेंटेनर–खत/झालदा, रंजीत



कुमार महतो, ट्रैक मेंटेनर–खख/तोरण और कमल महतो, हेड कांस्टेबल/रेल सुरक्षा बल/रांची शामिल हैं।

महाप्रबंधक मिश्रा ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की निष्ठावान और सजग कार्यशक्ति के कारण ही दक्षिण पूर्व रेलवे ट्रेनों के परिचालन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे पाता है। उन्होंने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणा का स्रोत बताया।

## लॉयड ने लक्जूरिया कलेक्शन किया लॉन्च, प्रीमियम एसी मॉडल्स और निर्माण क्षमता में की वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेवेल्स इंडिया के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड लॉयड ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को एक नया रूप देते हुए लक्जूरिया कलेक्शन लॉन्च किया है। इसमें स्टनएयर, स्टेलर और स्टायलस जैसे प्रीमियम मॉडल शामिल हैं, जो इनोवेशन, क्राफ्टमैनशिप और बेहतरीन डिजाइन का मिश्रण हैं। लॉयड ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने घिलोथ और श्री सिटी प्लांट की निर्माण क्षमता को 3 मिलियन एसी प्रति वर्ष तक बढ़ा दिया है। लॉयड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस कलेक्शन का उद्देश्य प्रीमियम एसी बाजार में नए मानक स्थापित करना है। स्टनएयर एसी में एआई–पावर्ड कूलिंग और वॉइस कमांड जैसी सुविधाएं हैं, जो इसे खास बनाती हैं। लॉयड की नए प्रोडक्ट्स में स्मार्ट डिजाइन और प्रभावी कूलिंग तकनीक के साथ–साथ बेहतर यूजर एक्सपीरियंस प्रदान किया गया है, जो उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं।

## महावीर जयंती पर कोलकाता मेट्रो की सेवाओं में बदलाव, ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन–1 पर चलेगी कम मेट्रो

**कोलकाता :** महावीर जयंती के अवसर पर 10 अप्रैल 2025, गुरुवार को कोलकाता मेट्रो की सेवाओं में आंशिक बदलाव किया गया है। मेट्रो रेल प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लू लाइन पर उस दिन कुल 236 मेट्रो सेवाएं (118 अप और 118 डाउन) चलाई जाएंगी, जबकि सामान्य दिनों में यह संख्या 262 होती है।

❑ **ब्लू लाइन** पर सुबह की पहली सेवा नोआपाड़ा से कवी सुभाष और कवी सुभाष से दक्षिणेश्वर के लिए सुबह 6:50 बजे शुरू होगी। दक्षिणेश्वर से कवी सुभाष और महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर के लिए सुबह 6:55 बजे पहली ट्रेन चलेगी। शाम की अंतिम सेवा कवी सुभाष से दक्षिणेश्वर के लिए 21:30 बजे, दक्षिणेश्वर से कवी सुभाष के लिए 21:28 बजे और कवी सुभाष से दमदम के लिए 21:40 बजे उपलब्ध होगी। इसके अलावा, विशेष रात्रिकालीन मेट्रो सेवाएं भी सामान्य दिनों की तरह कवी सुभाष और दमदम स्टेशनों से रात 22:40 बजे उपलब्ध रहेंगी।

❑ **ग्रीन लाइन–1** पर उस दिन कुल 90 सेवाएं (45 अप और 45 डाउन) चलाई जाएंगी। ये सेवाएं सुबह 6:55 बजे से रात 21:40 बजे तक हर 20 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी। सियालदह से सॉल्ट लेक सेक्टर त के लिए पहली मेट्रो सुबह 6:55 बजे और सेक्टर त से सियालदह के लिए सुबह 7:05 बजे चलेगी। अंतिम मेट्रो सियालदह से सेक्टर त के लिए 21:35 बजे और सेक्टर त से सियालदह के लिए 21:40 बजे रवाना होगी।

❑ इस दिन **ग्रीन लाइन–2, पर्पल लाइन** और **ऑरेंज लाइन** पर मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होंगी।

## हावड़ा डिवीजन ने इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा सुधार और नवाचार में कई उपलब्धिया की हासिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन के इंजीनियरिंग विभाग ने पिछले वर्ष में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया है। जिन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, सुरक्षा सुधार और नवाचार के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। विभाग ने डिवीजन भर में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिनमें ट्रैक नवीनीकरण, पुल पुनर्वास, स्टेशन पुनर्विकास, लिमिटेड हाइट सबवे, नए प्लेटफॉर्म, फुट–ओवर–ब्रिज और यांत्रिक रख–रखाव जैसी पहलें शामिल थीं। इनमें से एक प्रमुख उपलब्धि महत्वपूर्ण मार्गों पर पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण, टेम्पिंग और डीप स्क्रीनिंग कार्यों की समाप्ति थी। 127 टीकेएम से अधिक ट्रैक का नवीनीकरण किया गया, 97 किमी साधारण ट्रैक और 207 टर्नआउट की डीप स्क्रीनिंग, 2454 किमी साधारण ट्रैक और 1321 टर्नआउट




की टेम्पिंग आधुनिक मशीनरी के साथ की गई। इससे ट्रेन संचालन में सुधार हुआ और रख–रखाव की प्रक्रिया तेज हुई। इसके अलावा, डिवीजन ने 88 अतिक्रमण अभियान चलाए, जिनमें 3,393 अतिक्रमणों को हटाया गया, जिससे रेलवे भूमि की पुनः प्राप्ति और भविष्य में इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार को बढ़ावा मिला। इंजीनियरिंग टीम ने सौंदर्यीकरण अभियानों को भी बढ़ावा दिया। 40 स्टेशनों के पास के क्षेत्र को बेहतर बनाने के साथ–साथ हावड़ा, शक्तिगढ़, बोलपुर, रामपुरहाट और वर्दवान जैसे प्रमुख स्टेशनों में यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया। इस सफलता में हावड़ा डिवीजन के डीआरएम संजीव कुमार और सीनियर डिवीजनल इंजीनियर/सी/हावड़ा कार्तिक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## भारत में जेबीएल की ट्यून सीरीज़ 2 लॉन्च, पर्सनल ऑडियो का नया अनुभव

**भारत/कोलकाता :** जेबीएल ने भारत में अपनी नई और बेमिसाल ट्यून सीरीज़ 2 लॉन्च कर दी है, जो हर दिन सुने जाने वाले ऑडियो अनुभव में नई रिदम जोड़ने के लिए तैयार है। इस सीरीज़ को तीन खास मॉडल्स: बड्स 2, बीम 2 और फ्लेक्स 2 में पेश किया गया है, जिन्हें अलग–अलग लाइफस्टाइल और सुनने की पसंद के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। मल्टी–पॉइंट कनेक्शन और गूगल फास्ट पेयर की मदद से यूज़र्स आसानी से डिवाइसेस के बीच स्विच कर सकते हैं और एंड्रॉइड डिवाइसेस से तुरंत जुड़ सकते हैं, जिससे हमेशा एक सहज और बेहतरीन कनेक्टिविटी बनी रहती है। विक्रम खेर, वाइस प्रेसिडेंट– लाइफस्टाइल, हारमन इंडिया, ने कहा, जेबीएल में हमारा मानना है कि बेहतरीन साउंड हर खास पल का हिस्सा होना चाहिए।

## क्रॉम्पटन ने प्रीमियन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन पेश किया

**कोलकाता :** कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेगमेंट में अग्रणी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपना नया प्रीमियन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन पेश किया है। यह प्रीमियम इंडक्शन फैन न केवल शानदार डिज़ाइन बल्कि शक्तिशाली तकनीक और उच्च प्रदर्शन के साथ आता है, जो आपके रहने की जगह को एक नया आयाम देता है। बैलेरीना की सुंदर घुमावदार मुद्रा से प्रेरित, अवांसर स्वर्ल कालातीत सुंदरता और गतिशीलता का प्रतीक है। क्रॉम्पटन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन 6 आकर्षक रंगों में उपलब्ध है – कॉन्क क्रीम, आइस कॉफी,शैडो ग्रे, डार्क सैफायर, अमेरिकानो ब्राउन और कोकोआ गोल्ड। इस प्रोडक्ट की अधिकतम खुदरा कीमत 7,499 रुपये रखी गई है और इसे सभी क्रॉम्पटन अधिकृत रिटेल आउटलेट्स और प्रमुख ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर खरीदा जा सकता है।

## बी.आर.सिंह अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के बी.आर. सिंह अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर 7 अप्रैल को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य के अनुरूप यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बी.आर. सिंह अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. शुभाशीष दास, सियालदह की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना मंडल और भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा के अन्य चिकित्सक, अस्पताल का स्टाफ और रेलवे लाभार्थी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मंदिरा बनर्जी ने उद्घाटन भाषण दिया और इस वर्ष की थीम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन की स्वस्थ



शुरुआत ही एक बेहतर और उज्जवल भविष्य की नींव रख सकती है। कार्यक्रम के एक महत्वपूर्ण सत्र में वरिष्ठ डिवीजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. सायंतन साहा ने जीवन के पहले 1000 दिन और वयस्क रोगों की भ्रूणीय उत्पत्ति पर एक जानकारीपूर्ण चर्चा की। इसके अलावा, छात्र नर्सों ने स्वनिर्मित चार्ट्स और पोस्टरों के माध्यम से स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए वार्ता प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा और इस दिन के मुख्य संदेशों को प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम सियालदह के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया था।

## अमर शहीद मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां भारती के अमर शहीद मंगल पांडे जी के अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति उनके अप्रतिम समर्पण ने स्वतंत्रता संग्राम का उद्घोष किया। जिसने भारत को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त करने की चिंगारी प्रज्वलित की। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक अविस्मरणीय अध्याय बना, और आज भी उनकी वीरता और समर्पण प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। मंगलवार को कोलकाता के बी.बी.डी. पार्क में अमर शहीद मंगल पांडे जी के बलिदान दिवस पर उनकी शहीद वेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भोला प्रसाद सोनकर, राहुल सिंह, बबलू सोनकर, विनोद सोनकर,



सीबांकु मंडल, संतोष सिंह और अखिलेश सिंह ने पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

## विधाननगर रेलवे स्टेशन पर चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधाननगर रेलवे स्टेशन पर 7 अप्रैल को एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों, विक्रेताओं और अन्य रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्टेशन परिसर में स्वच्छता और स्वास्थ्य की महत्ता के बारे में जागरूक करना था। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल, बुकिंग स्टाफ और सफाई कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर अभियान की सफलता और प्रभावी कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान स्टेशन की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही, अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों, विक्रेताओं और स्टेशन




कर्मचारियों से संवाद किया और उन्हें स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर प्रेरित किया। विशेष ध्यान प्लास्टिक कचरे के पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर दिया गया। इस समस्या से निपटने के लिए अभियान ने प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने और इको–फ्रेंडली विकल्पों को अपनाने का संदेश दिया। यात्रियों से स्टेशन पर लगाए गए कूड़ेदानों में कचरा फेंकने की अपील की गई और पुन: उपयोग योग्य बैग, बोतलें तथा कंटेनर का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान में एक सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए, स्वच्छता बनाए रखने वाले यात्रियों और विक्रेताओं को गुलाब के फूल दिए गए।

# राज्यपाल के पास अटके 23 बिल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बंगाल सरकार को आस



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के पास अटके 23 विधेयकों पर राज्य सरकार को अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उम्मीद बंधी है। राज्य सरकार का मानना है कि तमिलनाडु को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद राज्यपाल द्वारा लंबित विधेयकों पर जल्द कार्रवाई हो सकती है। राज्य सरकार के अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला राज्यपाल को संवैधानिक तरीके से समय सीमा के भीतर विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए बाध्य करेगा। इस फैसले ने पश्चिम बंगाल सरकार को उम्मीद दी है कि अब राज्यपाल इन विधेयकों पर जल्द ही कोई फैसला लेंगे। बता दें कि राज्य के 23 विधेयकों में अपराजिता विधेयक, मॉब लिंचिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। इन विधेयकों की मंजूरी में देरी से राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं पर असर पड़ा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य मंत्रियों ने पहले ही राज्यपाल से इन विधेयकों की स्वीकृति की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया था।

❑ **सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला**

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के विवेकाधिकार पर स्पष्ट फैसला सुनाया था। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों पर स्वीकृति देने के लिए अनिश्चितकाल तक देरी नहीं कर सकते और उन्हें एक निश्चित समय सीमा के भीतर निर्णय लेना होगा। इससे राज्य सरकारों को अपनी विधायी प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी। पश्चिम बंगाल के मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह फैसला राज्य के अधिकारों की रक्षा करने और राज्यपाल के मनमाने फैसलों को चुनौती देने में मदद करेगा। अब हम आशा करते हैं कि राज्यपाल इन लंबित विधेयकों पर जल्द निर्णय लेंगे और राज्य के विकास कार्यों में कोई और रुकावट नहीं आएगी।

❑ **क्या बोले विधानसभा अध्यक्ष?**

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि हमने अपने राज्यपाल को इस बारे में बार-बार बताया है। 2016 से मार्च 2025 के बीच विधानसभा में पारित 23 विधेयक राज्यपाल की मंजूरी के लिए लंबित हैं। इनमें कई महत्वपूर्ण विधेयक हैं। जैसे अपराजिता विधेयक, मॉब लिंचिंग विधेयक। मुझे समझ नहीं आता कि उन्हें मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही है। ऐसा कोई विधेयक नहीं है जो संविधान के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करता हो जिसे राष्ट्रपति के पास भेजा जा सके।

## आरजी करकांड में पीड़िता का नाम सार्वजनिक करने के मामले में संबंधित समाचार माध्यम को केस में शामिल करने का निर्देश



**कोलकाता :** आरजी करकांड में पीड़िता का नाम सार्वजनिक करने के आरोप में विनीत गोयल के खिलाफ दायर मामले में वीडियो फुटेज अदालत में जमा देने की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस मामले में संबंधित समाचार माध्यम को भी केस में शामिल करने का निर्देश दिया है न्यायमूर्ति राजा शेखर मान्था की डिवीजन बेंच ने।

वहीं इस मामले की स्वीकार्यता को लेकर राज्य सरकार ने हलफनामा दायर कर सवाल उठाया है। एक समय इस मामले से मुख्य न्यायाधीश ने निजी कारणों का हवाला देते हुए खुद को अलग कर लिया था। इसके बाद यह मामला न्यायमूर्ति मान्था की पीठ में गया। अगली सुनवाई 6 मई को तय की गई है।

सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद पीड़िता का नाम सार्वजनिक करने को लेकर विनीत गोयल के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पिछले साल सितंबर में अमृता पांडे नामक एक वकील ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद पुलिस कमिश्नर ने मीडिया के सामने पीड़िता का नाम उजागर किया।

उल्लेखनीय है कि आरजी करकांड की जांच शुरू से ही पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस जांच को लेकर कई शिकायतें सामने आई हैं। पीड़िता के माता-पिता से लेकर आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों तक सभी ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने साफ कर दिया था कि किसी भी हाल में पीड़िता की तस्वीर, नाम या पहचान सार्वजनिक नहीं की जा सकती। लेकिन इसके बावजूद मीडिया के सामने घटना का विवरण देते हुए पुलिस अधिकारी विनीत गोयल ने पीड़िता की पहचान उजागर कर दी थी।

## सॉल्टलेक के अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़, नरेंद्रपुर से गिरफ्तार हुआ गिरोह का प्रमुख

❑ **पुलिस ने 3 करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति की जब्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सॉल्टलेक के सेक्टर-5 में एक अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। विधाननगर साइबर थाने की पुलिस ने कुछ दिन पहले इस मामले की जांच करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उसी सूत्र के आधार पर सोमवार रात को गिरोह के प्रमुख शुभ्रनारायण दास मंडल को नरेंद्रपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। पिछले महीने के अंत में सॉल्टलेक में इस अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया था, और लेकटाउन स्थित एक घर से तीन करोड़ रुपये भी बरामद किए गए थे। जानकारी के अनुसार, यह गिरोह कॉल सेंटर के रूप में धोखाधड़ी का काम कर रहा था। वे आम लोगों को फोन करके सॉफ्टवेयर सपोर्ट देने का झांसा देकर विभिन्न तरीकों से पैसे ठगते थे। इस ऑपरेशन में विधाननगर के साइबर क्राइम विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कुल 3 करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। इनमें सेक्टर-5 की एक बिल्डिंग से 67 लाख रुपये और बागुईआटी के चिनार पार्क स्थित एक घर से 3 करोड़ 3 लाख रुपये शामिल हैं। साथ ही, सोने के आभूषण, 14 मोबाइल फोन, दो नोटबुक, एक कैश काउंटिंग मशीन, छह डेस्कटॉप और चार अन्य मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। आरोपियों को मंगलवार को विधाननगर महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है, जिससे और महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है। पूछताछ के दौरान और भी गिरफ्तारियों की संभावना जताई जा रही है।

## राजभवन के बाहर शुभेंदु अधिकारी के कटआउट पर जूतों की माला और कालिख, कुणाल बोले... जनता का प्रतिवाद



**कोलकाता :** राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के कटआउट पर जूतों की माला पहनाई गई और कालिख पोती गई। यह दृश्य मंगलवार को कोलकाता के राजभवन गेट के ठीक बाहर देखने को मिला। इस प्रदर्शन का आयोजन हावड़ा डिस्ट्रिक्ट सांस्कृतिक विकास मंच की ओर से किया गया था। इस घटना को लेकर बंगाल भाजपा नेतृत्व ने नाराज़गी जताई है और पुलिस पर निष्क्रिय रहने का आरोप लगाया है।

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि यह आम लोगों का प्रतिवाद है। जनता भाजपा और शुभेंदु अधिकारी की राजनीति से तंग आ चुकी है।

गौरतलब है कि अगले वर्ष बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, और उससे पहले भाजपा पर राज्य में हिन्दुत्व की राजनीति को उभारने का आरोप लग रहा है। आरोप है कि शुभेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार और दिलीप घोष जैसे भाजपा नेता रामनवमी के मौके पर लगातार हिन्दुत्ववादी एजेंडा को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके ज़रिए राज्य में साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की जा रही है - ऐसा कहना है राजनीतिक विश्लेषकों के एक वर्ग का।

इन्हीं मुद्दों को लेकर मंगलवार को हावड़ा डिस्ट्रिक्ट सांस्कृतिक विकास मंच के कार्यकर्ता राजभवन के सामने इकट्ठा हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने शुभेंदु अधिकारी का एक कटआउट साथ लाया था, जिसे उन्होंने जूतों की माला पहनाई और उस पर कालिख पोती। मंच के अध्यक्ष श्रीकांत घोष ने शुभेंदु अधिकारी को भ्रष्टाचार में लिप्त बताते हुए उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा और शुभेंदु अधिकारी बंगाल में साम्प्रदायिक राजनीति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें शुभेंदु अधिकारी और भाजपा की कथित भूमिका को लेकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## गरियाहाट में व्यापारी पर हमला, तृणमूल काउंसलर के करीबी होने का आरोप, जांच जारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के गरियाहाट इलाके में सोमवार रात एक व्यापारी पर हमला हुआ, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। यह हमला गरियाहाट-बालीगंज स्टेशन के पास कांकुलिया रोड पर हुआ, जहां व्यापारी रॉकी राजवंशी का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। हालांकि, विवाद को अस्थायी रूप से सुलझा लिया गया था, लेकिन आधी रात को आरोपी ने उसे गरियाहाट मोड़ पर बुलाया और सड़क पर गिराकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में राजनीति भी जुड़ी हुई है। आरोप है कि हमलावर तृणमूल काउंसलर सुदर्शन मुखोपाध्याय के करीबी हैं। इस मामले में तृणमूल काउंसलर ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि यह विवाद शराब पीने के बाद दो गुटों के बीच हुआ था। गंभीर रूप से घायल व्यापारी रॉकी राजवंशी का इलाज एसएसकेएम अस्पताल में चल रहा है। गरियाहाट थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी के हत्यारे पति को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा



**हुगली :** हुगली जिले के चुंचुड़ा की द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश शुभ्रा भौमिक भट्टाचार्य ने बालागढ़ निवासी 61 वर्षीय विश्वजीत दास को अपनी पत्नी को जलाकर मार डालने के जुर्म में दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा दी। अदालत ने 5 अप्रैल को आरोपी को दोषी ठहराया था, और सोमवार को सजा का ऐलान किया गया।

सरकारी वकील प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि 7 जनवरी 2019 को विश्वजीत दास ने अपनी 55 वर्षीय पत्नी चंदना दास पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी थी। अस्पताल में भर्ती चंदना ने अपने मृत्यु पूर्व बयान में पति को इस जघन्य कृत्य के लिए ज़िम्मेदार ठहराया। वह 9 जनवरी को इलाज के दौरान दम तोड़ बैठी।

विश्वजीत और चंदना की शादी को तीन दशक हो चुके थे, लेकिन शादी के करीब दस साल बाद से ही चंदना के साथ शारीरिक और मानसिक अत्याचार शुरू हो गया था, जो अक्सर शराब के नशे में होता था। घटना के दिन आरोपी ने खुद पर भी मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या की कोशिश की थी।

इस मामले की शिकायत उनकी बड़ी बेटी सरसी दास ने 11 जनवरी 2019 को बालागढ़ थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने 27 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और जांच अधिकारी उज्ज्वल दे के नेतृत्व में जांच शुरू हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में कुल 19 गवाहों की गवाही दर्ज की गई।

अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत विश्वजीत को छह महीने के कठोर कारावास और 1,000 के जुर्माने की सजा सुनाई, वहीं धारा 302 (हत्या) के तहत उसे आजीवन कारावास और 1,000 का अतिरिक्त जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। जुर्माना न देने की स्थिति में उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## पत्नी पर चाकू से वार कर पति ने ली जान, आरोपी फरार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के उलुबेड़िया में एक महिला की उसके पति ने हत्या कर दी। यह सनसनीखेज घटना उलुबेड़िया के कोइजुरी कॉलोनी नंबर 3 की है। मृत महिला का नाम देविका बैरागी था। वह एक नर्सिंग होम में काम करती था। पुलिस सूत्रों के अनुसार देविका काम के सिलसिले में हावड़ा के रामराजतला इलाके में रहती थी। देविका अपनी बेटी की परीक्षा देने के लिए उलुबेड़िया कोइजुरी कॉलोनी नंबर 3 में अपने पति बबलू के घर गई थी। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच अकसर अशांति बनी रहती थी, इसलिए देविका अलग रहती थी। सोमवार रात को जब देविका घर पहुंची तो फिर से दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। कथित तौर पर, आरोपी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया। खबर मिलते ही उलुबेड़िया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। देविका को गंभीर हालत में उलुबेड़िया शरत चंद्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को अस्पताल में ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

## बेटियों को बचाने के प्रयास में विधवा मां से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के खड़दह थाना अंतर्गत पाटुलिया इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बेटियों को बचाने की कोशिश कर रही एक विधवा मां से चार युवकों द्वारा आमबागान में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी फरार हैं। इस घटना के बाद इलाके में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पाटुलिया पंचायत के डांगा डिंगला इलाके की रहने वाली एक विधवा महिला अपनी दो बेटियों के साथ रहती हैं। शनिवार की रात चार युवक, जो क्षेत्र में चोरी-छिनतई और अपराध गतिविधियों में संलिप्त बताए जा रहे हैं, महिला के घर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने बंदूक दिखाकर महिला पर दबाव डाला कि वह अपनी दोनों बेटियों को उनके हवाले कर दे। महिला ने इसका कड़ा विरोध किया और कातर होकर उनसे बेटियों को छोड़ देने की अपील की। उन्होंने महिला को जबरन आमबागान में घसीट कर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। महिला ने हिम्मत जुटाकर रविवार को खड़दह थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जब यह खबर आरोपितों तक पहुंची, तो उन्होंने फिर से बंदूक लेकर महिला को धमकाया कि यदि शिकायत वापस नहीं ली गई तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। बावजूद इसके महिला अपने फैसले पर अडिग रही। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की और दो आरोपितों जाबेद और छोटू को गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपितों की तलाश जारी है। घटना के बाद पाटुलिया गांव में महिलाओं समेत स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। पाटुलिया ग्राम पंचायत के सदस्य सफ़ियार रहमान ने पीड़िता और उसके परिवार को हरसंभव सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। पुलिस भी इलाके में नजर बनाए हुए है। स्थानीय लोगों ने आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## पार्टी सांसदों में मचे घमासान के चलते तृणमूल की अनुशासन समिति की बैठक फिलहाल स्थगित

❑ **विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दो दिन अनुपस्थित रहे विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए होनी थी बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में तृणमूल की अनुशासन समिति की बैठक संसदीय दल में छिड़े घमासान के कारण फिलहाल स्थगित कर दी गई है। तृणमूल की अनुशासन समिति की बैठक मंगलवार को विधानसभा में होने वाली थी। इस समिति के अध्यक्ष शोभनदेव चटर्जी ने अन्य सदस्यों को भी बैठक के बारे में संदेश भेजा था। लेकिन, मंगलवार को उन्होंने सदस्यों को फोन पर बताया कि बैठक नहीं हो रही है। इसलिए उन्हें बैठक के लिए विधानसभा आने की आवश्यकता नहीं है। इस बारे में, तृणमूल कांग्रेस के विधानसभा में मुख्य सचेतक और वरिष्ठ विधायक निर्मल घोष ने कहा कि बैठक फिलहाल स्थगित कर दी गई है। जब बैठक होगी तो हम आपको पुनः सूचित करेंगे। वरिष्ठ विधायक इस बात पर टिप्पणी नहीं करना चाहते थे कि अनुशासन समिति की महत्वपूर्ण बैठक अनिश्चितकाल के लिए क्यों स्थगित कर दी गई। हालांकि, तृणमूल के एक सूत्र का कहना है कि दिल्ली में तृणमूल सांसदों के बीच छिड़ी लड़ाई और उसके सामने आने के तरीके को लेकर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व 'असहज' है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने बजट सत्र के अंतिम दो दिनों में विधायकों के लिए सत्र में उपस्थित रहना 'अनिवार्य' किया था। लेकिन तृणमूल के मुख्य सचेतक निर्मल घोष द्वारा व्हिप जारी करने के बाद भी 30 से अधिक विधायक विधानसभा सत्र से अनुपस्थित रहे। इस सूची में मनोज तिवारी समेत कई मंत्री भी शामिल हैं। तृणमूल अनुशासन समिति ने संकेत दिया है कि वह उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। लेकिन, तृणमूल सूत्रों के अनुसार दिल्ली में उत्पन्न स्थिति के कारण बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है।

## फिजिक्सवाला ने खड़गपुर में पहला टेक-इनेबल्ड ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर खोला



**खड़गपुर :** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने पश्चिम बंगाल में अपने पहले टेक-इनेबल्ड पीडब्लू विद्यापीठ सेंटर की शुरुआत खड़गपुर के ओ.टी. रोड पर की है। यह सेंटर जेईई, एनईईटी, फाउंडेशन और ओलंपियाड जैसी परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सुविधाओं में रिकॉर्डेड लेक्चर, डीपीपी, पीवाईक्यू, ऑफलाइन डाउट सॉल्विंग, एक्टिविटी-बेस्ड लर्निंग और माता-पिता के लिए डैशबोर्ड शामिल हैं। अंकित गुप्ता, सीईओ ऑफलाइन, पीडब्लू ने कहा, हमारा लक्ष्य टेक-इनेबल्ड गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों के घरों के करीब लाना है। इसके साथ ही पीडब्लूसैट के लिए रजिस्ट्रेशन जारी हैं, जिससे छात्र पीडब्लू के ऑफलाइन पाठ्यक्रमों में ट्यूशन शुल्क माफी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में होगी, जिसमें कक्षा 7 से 12 तक के छात्र और ड्रॉपर्स भाग ले सकते हैं।

## पारंपरिक शस्त्रों के साथ बैंडेल-चुंचुड़ा में निकली भव्य शोभायात्रा

❑ **30 हजार श्रद्धालुओं ने लिया भाग**



**हुगली :** राम नवमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बैंडेल और चुंचुड़ा क्षेत्रों में पारंपरिक शस्त्रों के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 30,000 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चारों ओर जय श्री राम के उद्घोष से पूरा इलाका भक्तिमय वातावरण में डूब गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, हनुमानजी और अन्य देवी-देवताओं की भव्य झांकियां शामिल थीं, जिन्हें देखने के लिए सड़क किनारे भारी भीड़ उमड़ी।

इस शोभायात्रा की विशेषता रही युवाओं द्वारा पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ किए गए युद्धक कलाओं का जीवंत प्रदर्शन, जिसने न केवल श्रद्धालुओं को रोमांचित किया बल्कि वीरता और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की। आयोजन के दौरान चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन से निगरानी, वॉच टावर और बॉडी कैमरों के ज़रिए सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती ने आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाए रखा।

यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक बनी, बल्कि इसने स्थानीय सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता को भी मजबूती प्रदान की।

## रिसड़ा विद्यापीठ यूनिट -02 के 12 शिक्षकों की गई नौकरी




**हुगली, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में वर्ष 2016 की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के चलते सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राज्यभर में करीब 26,000 शिक्षकों की नौकरी चली गई। इससे राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। रिसड़ा विद्यापीठ यूनिट-2 में कार्यरत 12 शिक्षकों को भी नौकरी से हाथ धोना पड़ा, जिनमें 6 पुरुष और 6 महिला शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रौशन मल ने बताया कि स्कूल में लगभग 2000 छात्र पढ़ते हैं, जो मुख्यतः निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। उनके पास निजी स्कूल में पढ़ाने की क्षमता नहीं है। ऐसे में शिक्षक हटाए जाने से छात्रों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। विद्यालय में कुल 19 शिक्षक थे, जिनमें से अब सिर्फ 7 बचे हैं।

नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि उन्होंने योग्यता के दम पर परीक्षा पास की थी, लेकिन अब अयोग्यता का ठप्पा लग गया है। फिर भी वे बच्चों की पढ़ाई के लिए तैयार हैं और बिना वेतन के भी उन्हें पढ़ाने को इच्छुक हैं। उन्होंने अपील की है कि योग्य उम्मीदवारों के मामलों की दोबारा समीक्षा की जाए और भ्रष्टाचारियों को ही दंडित किया जाए।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे। सीबीआई जांच के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया और 100 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद हुई। सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं को देखते हुए शिक्षक भर्ती-16 की पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी। अब यह मामला लाखों छात्रों और हजारों शिक्षकों के भविष्य से जुड़ गया है, जो न्याय की आस लगाए बैठे हैं।

## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार-2025: लिखिए सफर की कहानी, जीतिए इनाम




**नई दिल्ली/कोलकाता :** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा आयोजित रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2025 में भाग लेकर आप अपने यादगार रेल सफर की कहानी साझा कर नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 10,000, द्वितीय 8,000, तृतीय 6,000 और पाँच प्रेरणा पुरस्कार (प्रत्येक 4,000) दिए जाएंगे। कहानी हिंदी में, 3000-3500 शब्दों के बीच डबल स्पेस में टाइप की जानी चाहिए। साथ में अलग पृष्ठ पर नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और ई-मेल देना अनिवार्य है। सरकारी सेवकों को अनुशासनात्मक मामला न होने की पुष्टि और अन्य प्रतिभागियों को आपराधिक मामला न होने की घोषणा देनी होगी। रचना मौलिक होनी चाहिए और पहले किसी प्रतियोगिता में पुरस्कृत न हुई हो। प्रविष्टियाँ 31 जुलाई, 2025 तक दो प्रतियों में भेजें: सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली - 110002।

## पुलिस द्वारा मीडिया कर्मी पर हमला, कोलकाता प्रेस क्लब की चुप्पी पर शुभेंदु अधिकारी ने उठाया सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। उनका काम लोगों तक सच्ची, निष्पक्ष खबरें पहुंचाना है। उस कर्तव्य का पालन करते समय, एक अखिल भारतीय मीडिया चैनल के पत्रकार पर पुलिस (कोलकाता पुलिस) द्वारा कथित हमला किया गया। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर घटना का वीडियो शेयर कर कड़ा विरोध जताया है। भाजपा विधायक ने लिखा कि यहां तक कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया भी भ्रष्ट पुलिस के प्रकोप से नहीं बच पाया है। वीडियो में एक पुलिस कर्मी सौरभ दत्त नामक पत्रकार का कॉलर पकड़े हुए नजर आ रहा है। भाजपा विधायक ने दावा किया कि कोलकाता पुलिस के एसीपी अभिजीत समद्दार ने पत्रकार का कॉलर पकड़ लिया था। शुभेंदु अधिकारी ने लिखा कि पत्रकारों को परेशान किया जा रहा है, कोलकाता प्रेस क्लब गहरी नींद में है, बड़े समाचार संस्थाओं के मालिक उदासीन हैं! कल भाजपा युवा मोर्चा ने नौकरी चोरी के खिलाफ 'कालीघाट चलो' का आह्वान किया था, जहां पूरे बंगाल के लोगों ने देखा कि कैसे ममता पुलिस ने हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कुख्यात अपराधियों की तरह व्यवहार किया और युवा मोर्चा के आंदोलन को तितर-बितर करने के लिए उन्हें जेल वैन में घसीटा। भाजपा विधायक ने दावा किया कि पुलिस के इस 'क्रोध' से मीडिया प्रतिनिधि भी नहीं बचे। उन्होंने लिखा कि यहां तक कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया भी भ्रष्ट पुलिस के प्रकोप से नहीं बच पाया है। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि इतना कुछ होने के बावजूद कोलकाता प्रेस क्लब और मीडिया संगठनों के शीर्ष अधिकारी 'उदासीन' हैं। उन्होंने लिखा कि कोलकाता प्रेस क्लब की ओर से पत्रकारों के प्रति पुलिस के ऐसे घृणित व्यवहार की निंदा करने वाला कोई बयान नहीं आया है। शुभेंदु अधिकारी का दावा है कि यह चुप्पी मीडिया मालिकों और तथाकथित 'पत्रकारों' द्वारा 'प्रतिदान' के रूप में दी जा रही है। भाजपा विधायक ने लिखा कि साथी पत्रकार पर हमले के खिलाफ प्रदर्शन करने और एकजुटता का संदेश देने के लिए मजबूत रीढ़ की जरूरत होती है। साथ ही, उन्होंने सौरभ जैसे निडर पत्रकारों की प्रशंसा की और पुलिस के इस व्यवहार की कड़ी निंदा की।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जयपुर में आकार ले रहा है अयोध्या के राम मंदिर का दरबार

**जयपुर :** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के रामदरबार में सजने वाली मूर्तियां जयपुर शहर में आकार ले रही हैं। मूर्तिकार प्रशांत पांडे के नेतृत्व में लगभग 20 कारीगरों की एक टीम भगवान राम की मूर्ति को अंतिम रूप दे रही है। इसे अयोध्या नगरी में अगले महीने होने वाले भव्य समारोह में उनके मंदिर में स्थापित किया जाएगा। जयपुर में सफेद संगमरमर से बनी लगभग पांच फुट ऊंची यह मूर्ति राम दरबार का हिस्सा है, जिसमें सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमानजी की मूर्तियां भी होंगी। उन्होंने बताया कि मूर्तियों के इस 'सेट' को अयोध्या के विख्यात राम मंदिर की पहली मंजिल पर प्रतिस्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अयोध्या के प्रतिष्ठित श्री राम मंदिर को पिछले साल एक भव्य समारोह में आम श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोला गया था। मंदिर का बाकी निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और अधिकारियों का कहना है कि यह अगले साल तक पूरा हो जाएगा।


### झारखंड के हजारीबाग में बस और ट्रक के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत, 15 घायल

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले में मंगलवार को एक बस और ट्रक के आपस में टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर चरही के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे यह घटना हुई।चरही थाने के प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### संभल की जामा मस्जिद मामले में सुनवाई टली

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के संभल स्थित जामा मस्जिद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए टाल दी। मंगलवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, अदालत को बताया गया कि आज इस मामले में उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होनी है। इस पर अदालत ने सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए टाल दी। इससे पूर्व, 12 मार्च, 2024 को इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने एएसआई को मस्जिद की पुताई कराने और बाहरी दीवारों पर सजावटी लाइट लगाने का निर्देश दिया था।

# भारत ने दुनिया को आध्यात्मिकता दी और विविधता का सम्मान सिखाया: मोहन भागवत



लखीमपुर खीरी (उप्र) : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि भारत ने दुनिया को आध्यात्मिकता दी और विविधता का सम्मान सिखाया उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के कबीर धाम में एक आध्यात्मिक सत्संग को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख भागवत ने संविधान की भावना के अनुरूप भावनात्मक एकीकरण पर जोर दिया और लोगों से आध्यात्मिकता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के आधार पर जीवन जीने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमारे पूर्वज छोटी नौकाओं और पैदल यात्रा कर दुनिया के कोने-कोने में गए। उन्होंने वहां सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान का प्रसार किया, लेकिन न किसी का देश जीता, न धर्म परिवर्तन कराया। हमने आध्यात्मिकता दी और विविधता का सम्मान सिखाया। भागवत ने भारत की आध्यात्मिक परंपराओं की तुलना पश्चिम के भौतिक उपभोग के माध्यम से खुशी प्राप्त करने के 2,000 साल लंबे असफल प्रयोगों से की। उन्होंने कहा, दुनिया ने खुशी पाने के लिए हर संभव कोशिश की है - भोजन, धन और हथियार इकट्ठा करना - लेकिन इसका नतीजा पर्यावरण विनाश रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता ने एक समय अपार समृद्धि का आनंद लिया था, लेकिन भ्रष्टाचार या अतिवाद में नहीं फंसी। उन्होंने प्राचीन नैतिक मूल्यों का उदाहरण देते हुए कहा, वहाँ धन तो था, लेकिन बेईमानी नहीं थी। लोग सपनों में भी अपने वादे पूरे करते। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आज दुनिया भारत को न केवल ज्ञान की भूमि के रूप में बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक नेतृत्व के प्रकाश स्तंभ के रूप में भी उम्मीद की नज़र से देखती है। उन्होंने कहा, हम सबसे पहले यह दिखाने वाले थे कि प्रकृति या नैतिकता का उल्लंघन किए बिना, भरपूर जीवन कैसे जिया जाए। आधुनिक मशीनें भी हमारे प्राचीन वस्त्रों की उत्कृष्टता से मेल नहीं खाती हैं। भागवत के अनुसार, भारत की धार्मिक परंपरा बल से नहीं, बल्कि उदाहरण के द्वारा फैली। उन्होंने कहा, मेक्सिको से साइबेरिया तक, हमारे पूर्वज विजय या धर्मांतरण के लिए नहीं गए थे, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिकता को साझा करने के लिए गए थे। हमने उनकी आस्थाओं का सम्मान किया और केवल यही कहा - आप जिस भी रूप में विश्वास करते हैं, उसी रूप में पूजा करें। भागवत ने जोर देकर कहा कि भारत की भूमिका अब शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का एक मॉडल पेश करना है, जहाँ विविधता को न केवल सहन किया जाता है बल्कि स्वीकार और सम्मान किया जाता है। अपने 30 मिनट से अधिक लंबे संबोधन के दौरान भागवत ने 'चार कर्तव्य' बताए, जिनके बारे में उनका मानना है कि हर भारतीय को उनका पालन करना चाहिए।

### रामपुर डीएम की अदालत ने अब्दुल्ला आजम पर 3.71 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**रामपुर (उप्र) :** रामपुर के जिलाधिकारी (डीएम) की अदालत ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान पर 2022 के भूमि सौदों से संबंधित स्टांप ड्यूटी चोरी के मामले में 3.71 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। एक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) प्रेम किशोर पांडे ने बताया, 'अदालत ने अब्दुल्ला आजम मामले में सभी चार बिक्री विलेखों में स्टांप ड्यूटी की चोरी पाई है।'' अदालत ने पाया कि अब्दुल्ला आजम ने सदर तहसील क्षेत्र में जमीन खरीदी थी और आवासीय भूखंडों को कृषि भूमि के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत करके चार बिक्री विलेख (बेनामी लेनदेन) पंजीकृत किए थे। एक मामले के वकील के अनुसार, इस गलत बयानी के कारण लगभग 1.78 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी की चोरी हुई। एसडीएम सदर द्वारा की गई जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद डीएम की अदालत में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए।

## संभल हिंसा: सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क से एसआईटी ने पूछताछ की



**संभल :** समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क से मंगलवार को संभल में पिछले साल एक मस्जिद के अदालती आदेश पर किए गए सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा के संबंध में पूछताछ की गई। संभल के सांसद पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे 10 से अधिक वकीलों के साथ नखासा थाने पहुंचे और मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। सपा सांसद करीब तीन घंटे तक थाने में रहे, जिस दौरान उनसे पिछले साल 24 नवंबर को कोट गर्वी इलाके में हुई हिंसा के बारे में सवाल पूछे गए। मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। संभल के असमोली के पुलिस क्षेत्राधिकारी और एसआईटी प्रभारी कुलदीप सिंह ने पत्रकारों को बताया,'' आज उनका बयान दर्ज होना था, उसी क्रम में उन्हें बुलाया गया। उनका बयान एसआईटी द्वारा दर्ज किया गया है और उसमें जांच के जितने भी बिंदु थे उन सभी पर पूछताछ की गई है। हमारी जांच लगातार चल रही हैं । सिंह ने कहा, सांसद को आज निर्धारित प्रक्रिया के तहत बुलाया गया था। एसआईटी ने उनका बयान दर्ज किया है और पूछताछ के दौरान मामले से जुड़े सभी प्रासंगिक बिंदुओं को कवर किया गया है। उन्होंने कहा, इस मामले में कई महत्वपूर्ण पहलू हैं और सभी आवश्यक बिंदुओं पर पूछताछ की गई है। जांच जारी है और ये सभी कार्यवाही व्यापक जांच का हिस्सा हैं। सिंह ने कहा कि अगर एसआईटी को किसी मामले में और स्पष्टीकरण की आवश्यकता महसूस होती है तो व्यक्तियों को फिर से बुलाया जा सकता है।

## राज्य की प्रगति में किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य की प्रगति में किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसान मजबूत होगा तो प्रदेश मजबूत होगा। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के सशक्तिकरण तथा पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए नहर प्रणाली को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन हनुमानगढ़ में किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, माही बेसिन का प्रबंधन, इंदिरा गांधी नहर परियोजना के सुदृढ़ीकरण सहित विभिन्न निर्णय किए हैं जिससे किसानों को सिंचाई के लिए तथा आमजन को पर्याप्त पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना के सुदृढ़ीकरण के लिए 3,400 करोड़ रूपये के काम करवाए जाएंगे। साथ ही, भाखड़ा और गंग नहरों से जुड़ी खालों संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गंगानगर एवं हनुमानगढ़ गेहूं के सर्वाधिक उत्पादन वाले जिले हैं। ऐसे में गेहूं की समर्थन मूल्य एमएसपी में वृद्धि से स्थानीय किसानों को लाभ होगा। साथ ही, किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी से किसानों को आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली, पानी उपलब्ध कराएगी, जिससे वे अपनी जमीन पर पूरी उपज ले सकेंगे। हमारी सरकार संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिहार के वैशाली में कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**हाजीपुर (बिहार) :** बिहार के वैशाली जिले में मंगलवार को एक कार एवं ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे की चपेट में आए लोग भागलपुर जिले के नौगछिया में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद हाजीपुर लौट रहे थे, तभी महिसौर गांव के पास यह दुर्घटना हुई। मृतकों की पहचान बबीता देवी, उनकी बेटी सोनाक्षी कुमारी (आठ) और मोना देवी के रूप में हुई है। हादसे में मारी गई एक अन्य महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। महुआ की अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दुर्गा शक्ति ने कहा, ''जिस कार में संबंधित लोग यात्रा कर रहे थे, वह सुबह ट्रक से टकरा गई। ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया।' उन्होंने कहा, 'तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है।'

## न्यूज अपडेट

### उप्र में सात दिन में 781 धार्मिक स्थलों पर रोपे गए 11047 पौधे

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 781 धार्मिक स्थलों पर सात दिनों में 11047 पौधे रोपे गए। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार चैत्र नवरात्रि में वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण विभाग की तरफ से 'शक्ति वाटिका आस्था एवं हरियाली' की शुरुआत की गयी। यह अभियान एक से सात अप्रैल तक चला। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के अटल आवासीय विद्यालय, नवाबगंज तहसील में रुद्राक्ष का पौधरोपण किया था। बयान में कहा गया है कि इस अभियान के तहत सात दिनों में 781 धार्मिक स्थलों पर 11, 047 पौधे लगाए गए, वहीं सर्वाधिक पौधे गोरखपुर मंडल में लगवाए गए। इसके अनुसार, गोरखपुर मंडल में 44 धार्मिक स्थलों पर कुल 1159 पौधे लगाए गए। राजधानी लखनऊ, वाराणसी एवं प्रयागराज आदि में भी पौधा रोपण किया गया। वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (योजना व कृषि वानिकी) दीपक कुमार ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर अप्रैल के प्रथम सप्ताह (एक से सात अप्रैल) तक प्रदेश के समस्त जनपदों में यह अभियान चलाया गया। कुमार ने बताया कि इस दौरान मंदिर परिसर, आश्रम, विद्यालयों आदि में शक्ति वाटिका की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक से सात अप्रैल तक समस्त जनपदों में कुल 781 धार्मिक स्थलों पर कुल 11,047 पौधों का रोपण किया गया।

### राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहेगा: मौसम विभाग

**जयपुर :** मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर अभी दो तीन दिन जारी रहेगा, हालांकि उसके बाद आंधी व हल्की बारिश से इसमें कुछ राहत मिल सकती है।विभाग के अनुसार इस समय जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, कोटा जिलों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। राज्य के शेष अधिकतर भागों में भी अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच है और यह तापमान सामान्य से 3-8 डिग्री ऊपर है।सोमवार को बाड़मेर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान, 45.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### बिहार: पूर्व आईपीएस अधिकारी ने नयी पार्टी बनाने की घोषणा की

**पटना :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी शिवदीप लांडे ने मंगलवार को एक नये राजनीतिक दल 'हिंद सेना पार्टी' के गठन की घोषणा की, जो बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाएगी। वर्ष 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी लांडे ने लगभग एक साल पहले भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया था। वह अपनी शानदार कार्यशैली के कारण 'बिहार के सिंघम' के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने पटना में एक संवाददाता सम्मेलन में हिंद सेना पार्टी के गठन की घोषणा की। लांडे (49) ने कहा कि उनकी जड़ें भले ही महाराष्ट्र से जुड़ी हुई हैं, लेकिन वह बिहार को अपनी कर्मभूमि मानते हैं। लांडे शिवसेना नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके विजय शिवतारे के दामाद हैं। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आईपीएस में रहते हुए मैंने लोगों की सेवा करने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब मैं अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमों से बंधा हुआ था। मुझे अपनी सीमाओं का एहसास तब हुआ, जब बेहद नेक इरादों के बावजूद, मैं उन मामलों में जनता की मदद नहीं कर सका, जो पुलिस के दायरे से बाहर थे। लांडे ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत हिस्सा लेंगी।

### संभल की शाही जामा मस्जिद पर लगे साइन बोर्ड को बदल सकता है एएसआई

**संभल :** संभल की शाही जामा मस्जिद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भेजा गया एक नया साइन बोर्ड है जिसमें मस्जिद का नाम 'जुमा मस्जिद' लिखा गया है।उम्मीद है कि सत्यव्रत पुलिस चौकी में रखा नीले रंग का एएसआई का यह बोर्ड जल्द ही पुराने बोर्ड की जगह लगाया जाएगा। पुराने बोर्ड पर 'शाही जामा मस्जिद' लिखा हुआ है।एएसआई के वकील विष्णु शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मस्जिद के बाहर पहले एएसआई का एक बोर्ड लगा था, लेकिन कुछ व्यक्तियों ने कथित तौर पर इसे हटाकर 'शाही जामा मस्जिद' लिखा बोर्ड लगा दिया। नया बोर्ड एएसआई के दस्तावेजों में दर्ज नाम 'जुमा मस्जिद' के अनुसार बनाया गया है।'' शर्मा ने कहा कि मस्जिद परिसर के अंदर पहले से ही इसी नाम का एक नीला बोर्ड लगा हुआ है। एएसआई ने अभी तक इस बारे में कोई समयसीमा नहीं बताई कि बोर्ड कब तक लगाया जाएगा।

## समाज्ञा स्पोर्ट्स

# लखनऊ की आईपीएल में कम अंतर से तीसरी जीत

- रहाणे और रिंकू की मेहनत पर फिर पानी
- केकेआर की तीसरी हार



**कोलकाता :** कप्तान अजिंक्य रहाणे के अर्धशतक और रिंकू सिंह की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच में चार रन से हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे। जवाब में केकेआर की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 234 रन ही बना सकी। रहाणे ने 35 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जबकि रिंकू ने 15 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन बनाए।

लखनऊ की आईपीएल में सबसे कम अंतर से यह तीसरी जीत है। दिलचस्प बात यह है कि लखनऊ को कम अंतर से जीतें केकेआर के खिलाफ ही मिली है। लखनऊ ने 2023 में केकेआर के खिलाफ एक रन, 2022 में दो रन और अब चार रन के अंतर से जीत हासिल की। आईपीएल में केकेआर की लक्ष्य का पीछा करते हुए चार या इससे कम रन के अंतर से यह सातवीं हार है जिसमें से तीन लखनऊ के खिलाफ मिली है।

### रहाणे का अर्धशतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने क्विंटन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवा दिया था जो 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सुनील नरेन और रहाणे ने दूसरे विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी की। हालांकि, दिग्वेश राठी ने नरेन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नरेन 13 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रहाणे इसके बाद भी नहीं रुके और उन्होंने 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। रहाणे और वेंकटेश अय्यर जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो लग रहा था कि केकेआर शायद इस विशाल लक्ष्य को हासिल कर सकती है, लेकिन शार्दुल ने रहाणे को आउट कर केकेआर को बड़ा झटका दिया।

### अंतिम ओवरों में रिंकू ने जमाया रंग

रहाणे के आउट होने के बाद केकेआर की पारी लड़खड़ा गई और उसने रमनदीप (1), अंगकृष रघुवंशी (5), वेंकटेश अय्यर (45) और आंद्रे रसेल (7) के विकेट गंवाए। केकेआर के लिए इसके बाद लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल लग रहा था, लेकिन रिंकू ने अंतिम ओवरों में धमाल मचाया। केकेआर को आखिरी ओवर में जीत के लिए 24 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम 20 रन ही बना सकी। इस तरह लखनऊ ने यह मुकाबला अपने नाम किया। केकेआर के लिए हर्षित राणा 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ की ओर से आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए, जबकि आवेश खान, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला।

### पूरन-मार्श की विस्फोटक पारी

इससे पहले, निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने केकेआर के सामने जीत के लिए 239 रनों का लक्ष्य रखा। कोलकाता ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, लेकिन मार्श और पूरन की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। मार्श ने 48 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि एडेन मार्करम ने 47 रन बनाए। पूरन 36 गेंदों पर सात चौकों और आठ छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद लौटे।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ को मार्श और मार्करम ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। इस साझेदारी को हर्षित राणा ने मार्करम को आउट कर तोड़ा। मार्करम अर्धशतक के करीब थे, लेकिन तीन रन से ऐसा करने से चूक गए।

## पंजाब ने चेन्नई को 18 रन से हराया, प्रियांश आर्या और शशांक सिंह के बाद फर्ग्यूसन चमके



**मुल्लांपुर :** पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 18 रन से हराकर जीत की पटरी पर वापसी कर ली। वहीं, चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। मंगलवार को मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर सिर्फ 201 रन ही बना सकी। उनके लिए डेवोन कॉनवे ने अर्धशतकीय पारी खेली। पंजाब के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट हासिल किए जबकि यश ठाकुर और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई को रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई जिसे मैक्सवेल ने तोड़ा। उन्होंने रचिन को प्रभसिमरन सिंह के हाथों कैच कराया। वह 23 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे विकेट के लिए शिवम दुबे और डेवोन कॉनवे ने 51 गेंदों में 89 रन जोड़े। हालांकि, दुबे 42 रन बनाकर आउट हो गए। वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। इसके बाद क्रीज पर महेंद्र सिंह धोनी बल्लेबाजी के लिए आए। अब टीम को जीत के लिए 25 गेंदों में 69 रनों की जरूरत थी। उन्होंने कॉनवे के साथ 12 गेंदों में 20 रन जोड़े। इसके बाद कॉनवे रिटायर्ड आउट हो गए। सलामी बल्लेबाज ने इस मुकाबले में 69 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने महज 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ कॉनवे ने आईपीएल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। कॉनवे के बाद क्रीज पर जडेजा पहुंचे। अब टीम को 12 गेंदों में 42 रनों की जरूरत थी। पारी का 19वां ओवर अर्शदीप सिंह ने डाला। इस ओवर में कुल 15 रन आए, अब जीत का अंतर छह गेंदों में 28 रन हो गया। पारी के आखिरी ओवर की पहली गेंद पर यश ठाकुर ने धोनी को युजवेंद्र चहल के हाथों कैच कराया। वह 12 गेंदों में एक चौके और तीन छक्के की मदद से 27 रन बना सके। वहीं, जडेजा और विजय शंकर क्रमश: नौ और दो रन बनाकर नाबाद रहे।

## गेंदबाजी की खामियां दूर करने उतरेंगे गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स



**अहमदाबाद :** गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगे तो उनकी निगाह गेंदबाजी की अपनी कमियां दूर करने पर होगी।टाइटंस के अभी छह अंक है और यहां जीत दर्ज करने से तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। रॉयल्स के चार अंक हैं और वह भी भविष्य में किसी तरह के अगर मगर की स्थिति से बचने के लिए यहां जीत हासिल करना चाहेगी।इन दोनों टीम के कुछ प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और अगर इन टीमों को तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करनी है तो उनके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गुजरात टाइटंस की तरफ से गेंदबाजी में अभी तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और स्पिनर आर साई किशोर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय है। गुजरात की तरह राजस्थान की भी सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी है। उसकी तरफ से संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम को उनसे आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी।अहमदाबाद में अभी तक बल्लेबाजों की तूती बोली है। इस मैदान पर खेली गई चार पूर्ण पारियों में अभी तक 243, 232, 196 और 160 रन बने हैं।गुजरात की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर, शेरफेन रदरफोर्ड और बी साई सुदर्शन जैसे धाकड़ बल्लेबाज शामिल हैं। वाशिंगटन सुंदर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 49 रन बनाकर गुजरात की बल्लेबाजी की गहराई का अच्छा नमूना पेश किया था।

### भारत की सुरुचि सिंह ने अर्जेंटीना निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता

**ब्यूनस आयर्स :** भारतीय निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारत की 18 वर्षीय सुरुचि ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 244.6 अंक हासिल कर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीनी की कियान वेई ने 241.9 अंक के साथ दूसरा जबकि उनकी हमवतन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता जियांग रेनशिन (221.0) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले सुरुचि ने 583 अंक हासिल कर क्वालीफिकेशन दौर में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत की दो ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर, सुरभि राव, संयम और सिमरनप्रीत कौर फाइनल में जगह बनाने में विफल रहीं।

### क्रिकेटर केदार जाधव भाजपा में शामिल हुए

**मुंबई :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पिछले साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 39 वर्षीय जाधव राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले और अन्य नेताओं की मौजूदगी में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए। बावनकुले ने कहा, ''वह राज्य का दौरा करेंगे और युवाओं से मिलेंगे। वह महाराष्ट्र में भाजपा की खेल शाखा को मजबूत करने में मदद करेंगे।''

### चैंपियन्स ट्रॉफी से पीसीबी को अनुमान से अधिक कमाई

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दावा किया है कि आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी से उसे तीन अरब रुपये की कमाई हुई है जो उसके दो अरब रुपये के लक्ष्य से अधिक है। पीसीबी ने यह दावा नेशनल असेंबली को लिखित जवाब में किया है जिसने पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लगातार खराब प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है। पीसीबी ने अपने लिखित जवाब में यह भी पुष्टि की है कि कराची, लाहौर और राव-लपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण पर कुल 18 अरब रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि नवीनीकरण की प्रक्रिया 2026 तक पूरी हो जाएगी और इसका दूसरा चरण मई में पाकिस्तान सुपर लीग समाप्त होने के बाद शुरू होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार के भाजपा अध्यक्ष की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवान मृत मिला

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ का एक जवान पटना के एमएलसी फ्लैट्स में मंगलवार को मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने आशंका जताई है कि आशुतोष कुमार मिश्रा (45) ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस के अनुसार, 'एमएलसी फ्लैट 21' में जवान का शव मिला है, जहां जायसवाल की सुरक्षा में तैनात सभी कर्मी रहते हैं। भाजपा नेता का फ्लैट इसी के बराबर में है। पुलिस उप-ाधीक्षक (सचिवालय-1) अनु कुमारी ने कहा, ''शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। सचिवालय पुलिस थाने ने मामले में जांच शुरू कर दी है।''

### पवन कल्याण ने अपने काफिले के कारण जेईई छात्रों को रोकने के आरोपों की जांच के आदेश दिए

**विशाखापत्तनम :** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने उन आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं कि उनके काफिले के लिए यातायात प्रतिबंधों के कारण यहां जेईई परीक्षा केंद्र जा रहे कुछ छात्रों को देरी हुई। कल्याण ने विशाखा-पत्तनम पुलिस को यातायात रोके जाने की सटीक अवधि, परीक्षा केंद्रों के पास सड़क की स्थिति और सर्विस रोड यातायात की स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया। पवन कल्याण ने सोमवार देर रात जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''प्रशासनिक गतिविधियों के कारण किसी भी छात्र को परेशानी नहीं होनी चाहिए; हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि प्रोटोकॉल के कारण उनका भविष्य बाधित न हो।'' पुलिस को यह जांच करने के लिए कहा गया है कि क्या यातायात नियमों के कारण परीक्षा केंद्रों तक छात्रों की पहुंच प्रभावित हुई और क्या उस सुबह वैकल्पिक मार्गों का प्रबंधन ठीक से किया गया था या नहीं।

### दिल्ली में 70 किलो गांजा बरामद, बांग्लादेशी मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को 27 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके एक साथी को एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार 27 वर्षीय युवक ने 2021 में इस्लाम धर्म अपना लिया था और उसके बांग्लादेश में तस्करों के साथ कथित रूप से संबंध थे। आरोपी अमन वर्मा और मोहम्मद रफीक (34) को चार अप्रैल को सिविल लाइंस में वासुदेव घाट के पास छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित सामान ले जाते समय गिरफ्तार किया गया।

### दुर्लभ रोगों के लिए 50 लाख रुपये तक ही केंद्रीय सहायता से जुड़ी याचिकाओं पर न्यायालय करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी (एसएमए) जैसी दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए केंद्रीय सहायता की 50 लाख रुपये की सीमा को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को विचार करने का निर्णय लिया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि बीमारियों के इलाज के लिए 50 लाख रुपये की केंद्रीय सहायता की सीमा तय करने संबंधी याचिकाओं पर न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ 13 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा कि एसएमए की दवा रिस्डिप्लाम बनाने वाली दवा कंपनी मेसर्स एफ हॉफमैन-ला रोश लिमिटेड ने इस बीमारी से पीड़ित केरल की 24 वर्षीय सबा पीए को एक साल के लिए मुफ्त में दवा देने पर सहमति व्यक्त की है। रिस्टिप्लाम की कीमत 6.2 लाख रुपये प्रति शीशी है।

# जम्मू-कश्मीर के तीन और समूह हुर्रियत से अलग हुए : अमित शाह



### अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं एवं सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में जारी विकास परियोजन-ाओं और वर्तमान सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए मंगलवार को यहां दो बैठकों की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने बताया कि शाह ने यहां राजभवन में विकास समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। शाह की जम्मू कश्मीर की तीन दिवसीय यात्रा का आज आखिरी दिन है।

**श्रीनगर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि 'जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी', 'जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग' और 'कश्मीर फ्रीडम फ्रंट' ने अलगाववादी समूह 'हुर्रियत कॉन्फ्रेंस' से खुद को अलग कर लिया है। जम्मू-कश्मीर में अब तक इस प्रकार के 11 संगठन अलगाववाद से किनारा कर चुके हैं। शाह ने कहा कि यह कदम संविधान में लोगों के भरोसे को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब शाह तीन दिवसीय यात्रा पर जम्मू-कश्मीर में हैं। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' 'जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी', 'जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग' तथा 'कश्मीर फ्रीडम फ्रंट' नामक तीन और संगठनों ने हुर्रियत से खुद को अलग कर लिया है। यह घाटी के लोगों के भारत के संविधान में भरोसे को दर्शाता है।'' गृह मंत्री ने कहा कि एकजुट एवं शक्तिशाली भारत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण आज और भी सुदृढ़ हुआ है तथा अब तक 11 संगठनों ने अलगाववाद को त्यागकर इस दृष्टिकोण के प्रति अटूट समर्थन दर्शाया है। पिछले महीने 'हुर्रियत कॉन्फ्रेंस' के कई घटकों ने अल-गाववादी समूह से अलग होने की घोषणा की थी।

## फैसला नहीं बदलूंगा, नियमों का पालन किया: वक्फ मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी सहित सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस नीत गठबंधन के सदस्यों द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा की मांग के बीच विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने नियमों के अनुरूप इसे अस्वीकृत करने का निर्णय लिया है और वह अपना फैसला नहीं बदलेंगे। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद गनी लोन के नेतृत्व में विपक्षी दल के तीन विधायकों द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर राथर ने संवाददाताओं से कहा कि वह इसे सदन के समक्ष ला सकते हैं, जो इस पर फैसला करेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, ''समस्या क्या है? उन्हें यह अधिकार है और सदन इसका भाग्य तय करेगा। अगर सदन में अविश्वास है, तो मुझे वहां रहने का कोई अधिकार नहीं है।'' उन्होंने विरोध कर रहे सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाले गठबंधन और विपक्षी दल पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) एवं पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सदस्यों के अलावा कुछ निर्दलीय सदस्यों को सलाह दी कि वे जनता के व्यापक हित में सदन को सुचारू रूप से चलने दें। विपक्षी दलों के सदस्यों द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा की मांग करने और स्थगन प्रस्तावों के नोटिस को अस्वीकार करने के उनके फैसले के विरोध के चलते होने वाले हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को लगातार दूसरे दिन के लिए स्थगित कर दिया।



## कांग्रेस का संकल्प: सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष में 'हमारे सरदार' के सिद्धांतों का अनुसरण होगा

**अहमदाबाद :** कांग्रेस ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत पर अपने दावे को मजबूती से रखा और कहा कि वह ''हमारे सरदार'' (वल्लभ भाई पटेल) के सिद्धातों का अनुसरण करते हुए सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष करने को तैयार है। देश के मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के रिश्तों को लेकर झूठ फैलाया है, जबकि दोनों के बीच ''अनोखी जुगलबंदी'' थी तथा दोनों नेताओं ने महात्मा गांधी की अगुवाई में साथ मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी तथा राष्ट्र का निर्माण किया। कांग्रेस की यहां 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' पर आयोजित विस्तारित कार्य समिति की बैठक में पूर्व उप प्रधानमंत्री की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव का शीर्षक ''आजादी के झंडाबरदार - हमारे सरदार - वल्लभभाई पटेल'' है। प्रस्ताव में कहा गया है, ''आज की भाजपा सरकार अंग्रेजों की तरह किसानों की भूमि के उचित मुआवज़ा कानून को खत्म करने का अध्यादेश लाती है, कृषि के तीन क्रूर काले कानून बनाती है, किसानों की राहों में कील और कांटे बिछाती है, किसानों की आय दोगुनी करने तथा एमएसपी गारंटी का वादा करके साफ मुकर जाती है।

## जितेंद्र सिंह ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में देश के पहले जलवायु परिवर्तन केंद्र का उद्घाटन किया

**पटनीटॉप/जम्मू :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में भारत के पहले जलवायु परिवर्तन केंद्र का उद्घाटन किया। जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के 'हिमालयन हाई अल्टीट्यूड एटमॉसफेरिक एंड क्लाइमेट रिसर्च सेंटर' का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र में वायुमंडलीय और जलवायु घटनाओं का अध्ययन करना है। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, ''यह पहल जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण पर इसके प्रभावों के बारे में हमारी समझ को बढ़ाएगी।'' केंद्रीय मंत्री सिंह ने चेनानी तहसील के मंडलोटे गांव में केंद्र का उद्घाटन किया। उनके साथ जम्मू कश्मीर के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सतीश शर्मा भी थे। सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से हिमालयी क्षेत्र में भारत के पहले और दुनिया के दूसरे जलवायु परिवर्तन केंद्र की शुरुआत के लिए उधमपुर जिले के नाथाटॉप में पहुंचा। केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।''




## सिंगापुर के स्कूल में आग लगने से एक लड़की की मौत

### 20 अन्य झुलसे, उनमें पवन कल्याण का बेटा भी



**सिंगापुर/विजयवाड़ा :** सिंगापुर की एक इमारत में मंगलवार को आग लगने से 10 वर्षीय एक लड़की की मौत हो गई और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के बेटे समेत 20 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंगापुर के 'सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट (सीबीडी)' के पास रिवर वैली रोड पर स्थित एक तीन मंजिला इमारत में आग लग गयी जहां एक कुकिंग स्कूल, एक थिएटर ग्रुप और बच्चों के लिए रोबोटिक्स संस्थान समेत कई व्यवसाय हैं। पवन कल्याण की जन सेना पार्टी ने एक बयान में बताया कि स्कूल में आग लगने से उपमुख्यमंत्री का छोटा बेटा मार्क शंकर झुलस गया। जन सेना पार्टी के अनुसार इस घटना के कारण मार्क के हाथ एवं पैर झुलस गए हैं और धुएं के कारण उसके फेफड़े भी प्रभावित हुए हैं। उसका सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मंडी में नजर नहीं आने के विक्रमादित्य सिंह के दावे पर कंगना ने कहा: मैं 'मिस्टर इंडिया' नहीं

**शिमला (हिप्र) :** मंडी की भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के इस दावे का मजाक उड़ाया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में कहीं नजर नहीं आती हैं। उन्होंने कहा कि वह ''मिस्टर इंडिया नहीं हैं जो अदृश्य हैं'' और यह कि वह (विक्रमादित्य सिंह) इस तरह के बयानों से लोगों को गुमराह कर रहे हैं। रनौत ने मंडी के बल्ह विधानसभा क्षेत्र में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विक्रमादित्य सिंह लोकसभा चुनाव में हार के बाद अब भी सदमे में हैं और इसलिए इस तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र में अनुपस्थित रहने को लेकर कंगना रनौत की कई बार आलोचना कर चुके हैं। रनौत ने कहा, ''राजा बाबू हर दिन प्रेस को बुलाते हैं और बयान देते हैं कि (मंडी) सांसद कहीं दिखाई नहीं देती हैं। मैं हर दिन संसद जाती हूं। मैं मिस्टर इंडिया नहीं हूं जो अदृश्य हो जाऊं।'' वह 1987 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मिस्टर इंडिया' का जिक्र कर रही थीं, जिसमें अभिनेता अनिल कपूर द्वारा अभिनीत नायक एक ऐसा उपकरण खोज लेता है जो उसे अदृश्य बना देता है। भाजपा सांसद ने कहा कि विपक्ष की आलोचना समझ में आती है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह हर दिन उन्हें गाली दे रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद संसदीय कार्य करते हुए पांच -छह महीने बीत गये। रनौत ने दोहराया कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद विक्रमादित्य सिंह अब भी सदमे में हैं।



## 'मजहबी कानून' को ऊपर रखने वाला कोई भी संगठन राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है: विहिप

**नयी दिल्ली :** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम का विरोध करने वालों की मंगलवार को आलोचना की और कहा कि जो भी संगठन यह कहता है कि उनके लिए 'मजहबी कानून' संविधान से ऊपर है, वह न केवल राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है, बल्कि देश के लोकतंत्र और न्यायिक प्रणाली का भी घोर अपमान है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषांगिक संगठन विहिप ने एक बयान में आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम 'कट्टरपंथी' नेता और संगठन संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद से लगातार मुसलमानों को भड़काने और गुमराह करने में जुटे हैं। उसने कहा है कि कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने भी इस अल्पसंख्यक समुदाय के सांसदों को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर उनका समर्थन मांगा है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि भारत एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य है, जहां किसी भी मजहबी या जाति-आधारित संगठन को संवैधानिक मर्यादा और नियमों (मान्यताओं) की सीमाओं को पार करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''कोई भी संगठन यदि यह कहता या संकेत देता है कि उनके लिए मजहबी कानून संविधान से ऊपर है, तो वह न केवल भारत की राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा है, बल्कि यह लोकतंत्र और न्यायिक प्रणाली का भी घोर अपमान है।

## आरेडिका में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर कार्यशाला का आयोजन



**रायबरेली :** आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान में तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/बनारस रेल इंजन कारखाना के डा0 संजय कुमार सिंह ने संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर विस्तृत चर्चा की एवं बताया कि समिति के प्रश्नों का जबाव कैसे दिया जाय। जिससे समिति के सदस्यों के सामने अपने राजभाषा विभाग एवं संस्था प्रमुख की सकारात्मक छवि बने। डा0 सिंह ने आरेडिका के विभिन्न सेवा भवनों एवं कॉलोनी के नाम जैसे- भागीरथी, गंगा, गोमती, गंधमादन, मन्दार, अस्किनी, वितिस्ता, आदि के भारतीय संस्कृति से जुडे. होने पर प्रसन्नता जाहिर की। हिन्दी भाषा के विकास में अमीर खुसरों, तुलसीदास, महात्मा गांधी, संविधान सभा के गणमान्य सदस्यों के योगदान पर चर्चा की। आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र ने ''प्रगति'' पत्रिका के सितम्बर एवं दिसम्बर अंक में प्रकाशित कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि रचनाओं के रचनाकारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यशाला में आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईटीआई रायबरेली, आईटीबीपी, राष्ट्रीय फैशन तकनीक संस्थान सहित उच्च अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनडीआरएफ की टीम भूकंप प्रभावित म्यांमा से लौटी, मलबे से निकाले थे 67 शव

**नयी दिल्ली :** भूकंप प्रभावित म्यांमा में राहत और बचाव कार्य के लिए भारत द्वारा भेजी गई राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम 67 शवों को निकालने के बाद वापस लौट आई है। म्यांमा में 28 मार्च को रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 3,600 से अधिक लोग मारे गए। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एनडीआरएफ कर्मियों ने लगभग एक सप्ताह तक अभियान चलाया। यह अभियान मुख्यतः मांडले में चलाया गया। मांडले, राजधानी नेप-ीता के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है तथा भूकंप के केंद्र के सबसे निकट था। बचाव कर्मी 29 मार्च को पड़ोसी देश में पहुंचे थे। म्यांमा के साथ भारत 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एनडीआरएफ की 80 कर्मियों वाली टीम ने अपना काम पूरा कर लिया और छह अप्रैल को देश लौट आई। भारत के अन्य राहत दल जैसे 'मोबाइल हॉस्पिटल', सेना के डॉक्टर और चिकित्साकर्मी जिन्हें 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत म्यांमा भेजा गया था, पीड़ितों और अन्य स्थानीय लोगों के इलाज के लिए वहां मौजूद हैं। स्थानीय अधिकारियों ने भारतीय टीम की प्रशंसा की क्योंकि उन्होंने अपने सप्ताह भर के अभियान के दौरान 67 शव निकाले। उन्होंने बताया कि चीनी बचावकर्मियों ने नौ शव निकाले जबकि रूसी बचावकर्मियों ने मलबे से एक शव निकाला।

## मोदी 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहेंगे : फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2029 के बाद भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे और उत्तराधिकारी पर चर्चा का कोई सवाल ही नहीं उठता। फडणवीस का यह बयान शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत के पिछले महीने के उस दावे के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मोदी यह संदेश देने के लिए नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय गए थे कि वह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी के उत्तराधिकारी के बारे में नागपुर में की गई उनकी पूर्व टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने मंगलवार को कहा, मैंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी के बारे में सोचने का यह सही समय नहीं है, क्योंकि 2029 में मोदी फिर से प्रधानमंत्री होंगे। वह मुंबई में 'इंडिया ग्लोबल फोरम' में बोल रहे थे। राउत ने दावा किया था कि मोदी 30 मार्च को संभवतः सितंबर में अपनी सेवानिवृत्ति का आवेदन पत्र लिखने संघ मुख्यालय गए थे। उनका इशारा 75 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त हुए भाजपा के कुछ नेताओं की ओर था। प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी इस वर्ष सितंबर में 75 वर्ष के हो जायेंगे। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया था, ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी के उत्तराधिकारी का फैसला संघ द्वारा किया जाएगा, यही कारण है कि मोदी को (संघ मुख्यालय में) बुलाया गया और चर्चा हुई। संघ की चर्चा बंद कमरे में होती है।

### गोधरा कांड: किशोर न्याय बोर्ड ने तीन लोगों को तीन साल के लिए अभिरक्षा गृह में रखने की सजा सुनाई

**गोधरा (गुजरात) :** गोधरा ट्रेन अग्निकांड के 23 साल से अधिक समय बाद गुजरात के पंचमहल जिले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने मंगलवार को मामले में दोषी पाए गए तीन लोगों को तीन साल के लिए अभिरक्षा गृह में रखे जाने की सजा सुनाई। तीनों व्यक्ति घटना के समय नाबालिग थे। गोधरा में जेजेबी के अध्यक्ष के एस मोदी ने तीनों दोषियों को तीन साल के लिए अभिरक्षा गृह भेज दिया और उन पर 10,000-10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। बोर्ड ने मामले में आरोपी दो अन्य लोगों को बरी कर दिया, जो इस भयावह घटना के समय नाबालिग थे।

## चीन में दुनिया का सबसे बड़ा बांध निचले देशों में जल प्रलय ला सकता है: भाजपा सांसद तापिर गाओ

**गुवाहाटी :** अरुणाचल प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा सदस्य तापिर गाओ ने दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की चीन की घोषणा पर मंगलवार को चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि यह बांध 'जल बम' के समान होगा, जो पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश जैसे निचले क्षेत्रों में जल प्रलय ला सकता है। गाओ ने गुवाहाटी में 'उप-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा, पारिस्थितिकी अखंडता और आपदा तन्यकता सुनिश्चित करना: ब्रह्मपुत्र का मामला' विषय पर आयोजित सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, चीन ने पहले ही एक बांध बनाने का फैसला कर लिया है, जो 60,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होगा। यह कोई बांध नहीं, बल्कि एक 'जल बम' होगा, जिसका इस्तेमाल भारत और अन्य निचले तटवर्ती देशों के खिलाफ किया जाएगा। गाओ ने दावा किया कि जून 2000 में आई विनाशकारी बाढ़ भी इसी तरह के 'जल बम' का नतीजा थी, जिसमें सियांग नदी पर बने 10 से अधिक पुल बह गए थे। अरुणाचल प्रदेश में यारलुंग त्सांगपो को सियांग नदी के नाम से जाना जाता है, जो असम में प्रवेश करने के बाद ब्रह्मपुत्र के रूप में जानी जाती है। अरुणाचल पूर्व लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद गाओ ने कहा, अगर चीन भविष्य में बांध से पानी छोड़ने का फैसला करता है, तो अरुणाचल प्रदेश, असम, बांग्लादेश और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य देश तबाह हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह अरुणाचल में सियांग नदी पर एक और बांध बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हैं, ताकि (चीन के) प्रस्तावित बांध से अचानक पानी छोड़े जाने की सूरत में निचले इलाकों में आने वाली आपदा को रोका जा सके।



## नौसेना प्रमुख ने कमांडरों को सात विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया

**नयी दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने नौसेना कमांडरों को युद्ध लड़ने व युद्ध दक्षता, बेड़े के रखरखाव व परिचालन संबंधी साजोसामान, नई प्रौद्योगिकियों के एकीकरण व अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल सहित सात प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में उन्हें परिचालन व संगठनात्मक 'चपलता' और एक संतुलित कार्यबल विकास कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। सम्मेलन का पहला चरण पांच अप्रैल को कर्नाटक के कारवार बेस पर हुआ था जबकि दूसरा और अंतिम चरण सात से 10 अप्रैल तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। नौसेना कमांडरों ने हिंद महासागर में समग्र स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और ऐसा माना जा रहा है कि यहां चीनी गतिविधियां बढ़ रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एडमिरल त्रिपाठी ने क्षेत्र कमांडरों व कमान और नौसेना मुख्यालय के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सफल परिचालन अभ्यासों, प्लेटफार्मों की उच्च परिचालन उपलब्धता और भारतीय सेना व भारतीय वायु सेना के साथ संयुक्त अभियानों के माध्यम से युद्ध के लिए तैयार बल बनाए रखने में नौसेना की उपलब्धियों की सराहना की। एडमिरल त्रिपाठी ने घरेलू जहाज निर्माण उद्योग में योगदान, नवाचार और रचनात्मकता की बढ़ती संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए 'भविष्य के लिए तैयार' बल के निर्माण के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

### तेलंगाना उच्च न्यायालय ने हैदराबाद बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा बरकरार रखी

**हैदराबाद :** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 2013 के हैदराबाद बम विस्फोट मामले में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'इंडियन मुजाहिदीन' (आईएम) के पांच आतंकियों को मृत्युदंड देने के अधीनस्थ अदालत के फैसले की मंगलवार को पुष्टि। इस बम विस्फोट में 18 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति के. लक्ष्मण और न्यायमूर्ति पी. श्री सुधा की पीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए आईएम के सदस्यों द्वारा दायर पुनरीक्षण अपील को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा, ''अधीनस्थ अदालत द्वारा सुनाई गई सजा की पुष्टि की जाती है।''

॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥

SEVA • KNOWLEDGE • ECONOMIC EMPOWERMENT
JITO

JITO KOLKATA



विश्व
# नवकार महामंत्र दिवस

**9 APRIL 2025 | WEDNESDAY**

**Venue:**
***Netaji Indoor Stadium, Kolkata***

**Time:**
***7:30 A.M. Onwards***

**CHIEF GUEST**
## MAMATA BANERJEE
*HON'BLE CHIEF MINISTER, WEST BENGAL*

**CHIEF MINISTER WILL ARRIVE AT 11:45 AM**

## *NAVKAR MANTRA*

**णमो अरिहंताणं । Namo Arihantanam**
**Meaning:** I bow to the Arihants
(souls who have conquered inner passions & attained omniscience)

**णमो सिद्धाणं । Namo Siddhanam**
**Meaning:** I bow to the Siddhas
(liberated souls who have attained moksha & are free from the cycle of birth & death)

**णमो आयरियाणं । Namo Ayariyanam**
**Meaning:** I bow to the Acharyas (spiritual leaders who guide monks & nuns)

**णमो उवज्झायाणं । Namo Uvajjhayanam**
**Meaning:** I bow to the Upadhyayas
(teachers who impart knowledge of scriptures)

**णमो लोए सव्वसाहूणं । Namo Loe Savva-sahunam**
**Meaning:** I bow to all the Sadhus & Sadhvis (monks and nuns)
in the world who practice mankind principles.

**Final Essence:**
**एसो पंच नमोक्कारो। सव्व पावप्पणासणो ।**
**Eso Panch Namokaro, Savva Pāvappanäsano**
**Meaning:** These five obeisances destroy all sins.

**मंगलाणं च सव्वेसिं, पडमं हवई मंगलं ॥**
**Mangalanam Cha Savvesim, Padhamam Havai Mangalam**
**Meaning:** This is the first & foremost source of auspiciousness

## *JITO KOLKATA & SAKAL JAIN SAMAJ*


वर्ष 10, पूर्णांक 4201 अंक 011, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in